
UPHIN/2011/39718

(डिजिटल संस्करण)

बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

दैनिक
# यंग भारत

निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर

Digital Edition

यंग भारत
वेब न्यूज़

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-195 | कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में | उरई (जालौन) रविवार 28 जून 2026 | youngbharatE-paper.com

## 2478 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास

### सीएम योगी कल नोएडा में, ट्रैफिक डायवर्जन प्लान देख लीजिए




( यंग भारत न्यूज )

**नोएडा:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को गौतमबुद्ध नगर के दौरे पर रहेंगे। इसको लेकर सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता की गई है। साथ ही, आम लोगों को जाम जैसी स्थिति का सामना न करना पड़े, इसके लिए ट्रैफिक पुलिस ने कुछ सड़कों पर डायवर्जन प्लान लागू किया है। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे, यमुना एक्सप्रेसवे और आसपास के रास्तों पर सुबह 7 बजे से रात 10 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह रोक रहेगी। पुलिस ने ड्राइवरों से अनुरोध किया है कि वे वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें। सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ नोएडा में कुल 2478 करोड़ रुपये की लागत वाली 70 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इसके तहत नोएडा प्राधिकरण के नए प्रशासनिक भवन का



उद्घाटन और विभिन्न विकास कार्यों की आधारशिला रखी जाएगी।

सीएम योगी आदित्यनाथ के गौतमबुद्ध नगर दौरे के चलते शनिवार को नोएडा-ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में कई रूट पर डायवर्जन प्लान लागू रहेगा। सुबह 7 बजे से रात 10 बजे तक एक्सप्रेसवे समेत कई मार्गों पर भारी वाहनों के आने-जाने पर रोक रहेगी। ऐसे में अगर आप वीकेंड पर कोई प्लान बना रहे हैं तो डायवर्जन प्लान एक बार जरूर देख लें।

इन पर लागू रहेगा नियम:

दिल्ली सीमा: चिल्ला, डीएनडी, कालिंदी कुंज से गौतमबुद्ध नगर में भारी मालवाहक वाहन , मध्यम मालवाहक वाहन और हल्के मालवाहक वाहन का प्रवेश सुबह 7 से रात 10 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा।

चिल्ला बॉर्डर: नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे एवं यमुना एक्सप्रेसवे जाने वाले वाहन चिल्ला रेड लाइट से यू-टर्न लेकर एनएच-9/24 से एनएच-91 और ईस्टर्न पेरिफेरल होकर जा सकेंगे।

डीएनडी बार्डर: डीएनडी टोल प्लाजा से यू-टर्न लेकर एनएच-9/24 से एनएच-91 व ईस्टर्न पेरिफेरल से गंतव्य तक जा सकेंगे।

कालिंदी कुंज: एनएच-9/24 से लेकर ईस्टर्न पेरिफेरल एवं एनएच-91 होकर आगे जा सकेंगे।

आगरा से आने वाले वाहनों को जेवर टोल से पहले ही यू-टर्न लेकर अलीगढ़ की ओर डायवर्ट किया जाएगा।

दबाव अधिक होने पर वाहनों को जेवर से जहांगीरपुर की ओर खुर्जा, सिकंदराबाद, बुलंदशहर होकर भेजा जाएगा। परीचौक से आगरा जाने वाले वाहन एल्डिको कामर्शियल गोलचक्कर से मेट्रो डिपो गोलचक्कर एवं 130 मीटर रोड होकर सिरसा गोलचक्कर से ईस्टर्न पेरिफेरल से जा सकेंगे।

नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर दबाव बढ़ने पर वाहन डायवर्ट सर्विस मार्ग पर किए जाएंगे।

कार्यक्रम स्थल सेक्टर तक पहुंचने का मार्ग: दनकौर, रौनीजा-गौर सिटी से आने वाले वाहन भाइपूरा चौराहे से बाएं, रघुपुरा कस्बा होकर काकी तिराहे से दाहिने, रघुपुरा बाईपास रोड से बीकानेर मिठास भंडार से बाएं मुड़कर पहुंचें।

कस्बा जेवर से आने वाले वाहन टील से यमुना एक्सप्रेसवे से फलेदा कट (27 किलोमीटर) से उतरकर दाहिने टर्न कर फलेदा अंडरपास होकर डबल सर्विस रोड से भाइपूरा चौराहे से बाएं मुड़कर रघुपुरा होते हुए पहुंचें।

सेक्टर-8 के कार्यक्रम के लिए मार्ग:

कच्चा जेवर से आने वाले वाहन खुर्जा अंडरपास होकर जेवर-जहांगीरपुर-खुर्जा मार्ग से परौही रोड होकर पहुंचें।

दनकौर-रबूपुरा से आने वाले वाहन रबूपुरा से झाझर रोड होते हुए आकलपुर से मौकनपुर में नहर की पटरी होकर पहुंचें।

पार्किंग की व्यवस्था:सेक्टर-10 यीडा: वीवीआईपी पार्किंग मंच के पीछे, विशिष्ट की पार्किंग वीवीआईपी के बाएं सर्विस रोड पर, मीडिया एवं बस पार्किंग टीआई पार्किंग के बराबर सर्विस रोड पर, कर्मी एवं पुलिस पार्किंग पी-2, पी-3, पी-4 के आसपास निर्धारित की गई है।सेक्टर-8 यीडा: वीवीआईपी पार्किंग मंच के बाएं, पुलिस, अग्नि शमन की पार्किंग मंच के बाएं परांठी रोड के किनारे, सामान्य पार्किंग मंच के बाएं परांठी रोड के किनारे होगी।

## उप्र में अब प्रत्येक जिले को एक मेडिकल कॉलेज मिलेगा: मुख्यमंत्री

( यंग भारत न्यूज )



**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को गोरखपुर में एस्ट्रोमेडिक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का उद्घाटन किया और कहा कि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार पर राज्य सरकार के विशेष ध्यान से राज्य के प्रति लोगों की धारणा में व्यापक बदलाव आया है।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने पूर्ववर्ती सरकारों और वर्तमान सरकार की कार्यशैली की तुलना करते हुए कहा कि जहां पहले ''एक जिला, एक माफिया'' की संस्कृति को बढ़ावा दिया गया, वहीं मौजूदा सरकार ने ''एक जिला, एक मेडिकल कॉलेज'', ''एक जिला, एक उत्पाद'' और ''एक जिला, एक व्यंजन'' जैसी पहल शुरू की है। उन्होंने कहा, ''हर जिले को बेहतर स्वास्थ्य अवसंरचना से लैस किया जा रहा है। राज्यभर में मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जा रहे हैं, जिससे चिकित्सा शिक्षा और उपचार, दोनों व्यवस्थाएं मजबूत हो रही हैं। मुख्यमंत्री ने आयुष्मान भारत योजना के प्रभाव का उल्लेख करते हुए कहा कि इसके तहत पात्र लाभार्थियों को पांच लाख रुपये तक का नि:शुल्क उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने केंद्रीय योजना के दायरे से बाहर रह गए वर्गों के लिए भी स्वास्थ्य सुरक्षा का दायरा बढ़ाया है। साथ ही, मुख्यमंत्री राहत कोष के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों के इलाज के लिए प्रतिवर्ष 1,200 से 1,500 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए जाते हैं। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले सरकारी अस्पतालों में आईसीयू बिस्तर, डायलिसिस इकाइयों और आधुनिक ब्लड बैंक जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव था। उन्होंने कहा कि आज गोरखपुर में सरकारी और निजी, दोनों क्षेत्रों के अस्पताल आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं और दो दर्जन से अधिक अस्पताल आईसीयू सुविधाओं से सुसज्जित हैं। मुख्यमंत्री ने पूर्व मंत्री मार्कण्डेय चंद को गोरक्षपीठ का समर्पित अनुयायी बताते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने अस्पताल परिसर में उनकी प्रतिमा का अनावरण भी किया और कहा कि उनके परिवार द्वारा स्थापित यह संस्थान जनसेवा की उनकी विरासत को आगे बढ़ाने का कार्य करेगा।

## सुर्खियां.............

### लखनऊ में कोचिंग में हुए भीषण अग्निकांड में 15 मौतों के बाद स्वास्थ्य विभाग ने दिखाई सतर्कता

**जालौन।** लखनऊ में कोंचिग सेंटर में हुए अग्निकांड की घटना में 15 छात्रों की दर्दनाक मौत को लेकर स्वास्थ्य विभाग सतर्कता दिखा रहा है। शनिवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर अग्निशामक यंत्रों की पड़ताल की और कर्मचारियों को उनका प्रयोग करना सिखाया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित अग्निशमन सतर्कता कार्यक्रम के तहत सुरक्षा कर्मचारियों की देखरेख में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में कहा कि पोर्टेबल अग्निशामक यंत्र कई प्रकार के होते हैं, प्रत्येक को रंग कोडिंग और लेबलिंग द्वारा पहचाना जा सकता है।

### राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान में किसी भी स्वास्थ्य कर्मी ने लापरवाही की ऐसे गैर जिम्मेदार को बक्सा नहीं जाएगा-दिनेश बर्दिया

**कालपी जालौन 27 जून।** पल्स पोलियो मिशन को सफल बनाने के लिए अधीक्षक ने चिकित्सा अधिकारियों एवं स्वास्थ्य कर्मचारी की मौजूदगी में रैली निकालकर अभिभावकों को 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को 28 जून बूथ में ले जाकर मौजूद स्वच्छ कर्मियों से पोलियो ड्राप पिलाने एवं होने वाले विकलांगता को समाप्त करने का संदेश दिया।

### थाना समाधान दिवस में एएसपी ने सुनी शिकायते

**जालौन।** अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. ईशान सोनी की अध्यक्षता में कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस में 14 शिकायतें दर्ज की गई। जिनमें से दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. ईशान सोनी की उपस्थिति में कोतवाली परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में 14 शिकायतें पंजीकृत हुई जिसमें सात शिकायतें राजस्व विभाग व सात शिकायतें पुलिस विभाग की दर्ज की गई। खंडेराव निवासी विपिन गुप्ता खंडेराव ने नाले की सफाई, खटीकान निवासी सुनील, मनोज आदि ने आम रास्ते पर कब्जे की शिकायत दर्ज कराई।

## बीजेपी बनने चली थी सयानी, निपट गई कहानी! हाईकोर्ट की तगड़ी फटकार के बाद यूपी सरकार पर बुरी तरह बरसे अखिलेश यादव

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रदेश की सियासत में इस समय पंचायती राज व्यवस्था को लेकर एक बहुत बड़ा भूचाल आ गया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार के उस आदेश पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है, जिसके तहत कार्यकाल खत्म होने के बाद भी ग्राम प्रधानों को ही प्रशासक (एडमिनिस्ट्रेटर) बना दिया गया था।



हाईकोर्ट के इस बड़े झटके के बाद सूबे की राजनीति गर्मा गई है और पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने योगी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए तीखा हमला बोला है। अखिलेश यादव ने कहा कि एक तरफ तो उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार अपनी झूठी उपलब्धियों का ढिंढोरा पीटने और प्रचार करने में व्यस्त है, तो दूसरी तरफ माननीय इलाहाबाद हाईकोर्ट की इस ज़बरदस्त फटकार ने सरकार के सारे जश्न के रंग में भंग डाल दिया है। उन्होंने सरकार की नीयत पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (पहले ट्विटर) पर एक लंबी-चौड़ी पोस्ट लिखकर सरकार पर जमकर तंज कसा। अखिलेश ने लिखा, 'यूपी भाजपा सरकार द्वारा एक तरफ झूठी तारीफ के प्रायोजित कार्यक्रम लगातार करवाए जा रहे हैं, तो दूसरी तरफ माननीय इलाहाबाद हाईकोर्ट की फटकार ने यह कहकर रंग में भंग कर दिया कि 'कार्यकाल खत्म होने के बावजूद ग्राम प्रधानों को प्रशासक बनाने का यूपी सरकार का फैसला असंवैधानिक है'।' उन्होंने आगे जनता की तरफ से सवाल पूछते हुए लिखा कि अब जनता पूछ रही है कि आखिर ऐसा 'असंवैधानिक' काम करने की सजा क्या होती है? अखिलेश यादव ने शायराना अंदाज में सरकार को घेरते हुए आगे लिखा, 'भाजपा बनने चली थी सयानी, निपट गई उसकी ही कहानी। भाजपा अब किसी घाट की नहीं रही।' उनके इस बयान के बाद सोशल मीडिया से लेकर राजनीतिक गलियारों तक चर्चाओं का बाजार बेहद गर्म है। अखिलेश यादव ने अपनी पोस्ट में इस बात का भी विस्तार से जिक्र किया है कि कोर्ट के इस फैसले के बाद जमीनी स्तर पर ग्राम प्रधानों और भाजपा के बीच कितनी बड़ी खाई पैदा होने वाली है। उन्होंने दावा किया कि अब यही ग्राम प्रधान भाजपाइयों को गांवों में घुसने नहीं देंगे। इसकी वजह यह है कि भाजपा सरकार ने उन्हें प्रशासक बनाने का लालच देकर और आदेश जारी करके, उनके मन में नए विकास कार्य करने की उम्मीद जगा दी थी। प्रधानों ने जनता से कई बड़े वादे भी कर दिए थे। अब चूंकि कोर्ट ने रोक लगा दी है, तो जनता इस तकनीकी या कानूनी पक्ष को नहीं समझेगी कि असल में हुआ क्या है। जनता तो यही मानेगी कि प्रधान जी ने उनके साथ धोखा किया और अपना वादा पूरा नहीं किया। इतना ही नहीं, गांव के लोग तो यही समझेंगे कि प्रधान जी ने सारा फंड, बजट और पैसा 'डबल इंजन' की सरकार के साथ मिलकर अंदर ही अंदर बंदरबांट कर लिया और खा गए। सपा प्रमुख ने ग्राम प्रधानों की एक और बड़ी व्यावहारिक चिंता को सामने रखा है। उन्होंने कहा कि प्रधानों के भीतर इस बात का बहुत बड़ा खौफ बैठ गया है कि कहीं 'इन बीच के दिनों' (यानी प्रशासक के तौर पर काम करने वाले दिनों) में जो भी सरकारी खर्च हुए हैं, उसका खामियाजा उन्हें अपनी खुद की जेब से न भुगतना पड़ जाए। अखिलेश ने अंदेशा जताया कि हो सकता है कल को सरकार की तरफ से 'पैसा वापसी' का कोई नया कानूनी आदेश भी आ जाए। जब कोर्ट ने इस बढ़े हुए कार्यकाल को ही पूरी तरह से गलत और असंवैधानिक साबित कर दिया है, तो स्वाभाविक रूप से उस समय अवधि के दौरान खर्च किया गया एक-एक पैसा भी कानूनी रूप से पूरी तरह गलत और अवैध माना जाएगा। अखिलेश यादव ने साफ शब्दों में कहा कि भाजपा ने इस फैसले के जरिए मासूम प्रधानों को बहुत बुरे चक्रव्यूह में फंसा दिया है। कार्यकाल बढ़ने की उम्मीद में प्रधानों ने जिन स्थानीय ठेकेदारों को गांवों के विकास कार्य सौंपे थे, अब वो ठेकेदार भी इन बीच के दिनों के काम के बिलों का भुगतान (पेमेंट) करवाने के लिए हर रोज प्रधानों का दरवाजा खटखटाएंगे और उन पर दबाव बनाएंगे। यही मुख्य वजह है कि ठगा हुआ महसूस कर रहे प्रधान अब भाजपाइयों और उनके संगी-साथियों की गांव-गांव में तगड़ी नाकाबंदी कर देंगे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अब राज्य के पंचायती राज मंत्री भी इस गंभीर मुद्दे पर जनता और ग्रामीणों के बीच मुंह दिखाने की स्थिति में नहीं बचे हैं।

## सोमवार तक केंद्रीय मंत्रिमंडल में हो सकता है व्यापक फेरबदल

### भाजपा नेतृत्व जंग की तरह चुनाव में उतरने की कर रहा है तैयारी

अनिल शर्मा + संजय श्रीवास्तव

**नई दिल्ली।** यंग भारत ने अपने 23 जून के अंक में यह घोषणा की थी 15 दिनों के भीतर केंद्रीय मंत्रिमंडल में व्यापक फेरबदल होगा लेकिन उसके चार दिनों के भीतर ही दिल्ली के भाजपा और संघ के पुस्ट सूत्रों से यह खबर छन छनकर रही है कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने कही माथा चचीके बाद जय निर्णय लिया है कि केंद्र के कुछ मंत्रियों को हटाया जाएगा, कुछ मंत्रियों को संगठन में लिया जाएगा और कुछ नेताओं को केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किया जाएगा नए फार्मूले के तहत सोमवार या एक-दो दिन बाद

### 'यंग भारत' पहले ही कर चुका है घोषणा

मंत्रिमंडल का विस्तार होने पूरी संभावनाएं जताई जा रही है नए मंत्रिमंडल में आरबीआई के पूर्व गवर्नर शक्तिकांत दास को नया वित्त मंत्री बनाया जा सकता है, जबकि वित्त मंत्री सीतारमण को एचआरडी शिक्षा मंत्रालय की जिम्मेदारी दी जाने की चर्चा है पेपर लीक मामले में चर्चा में आए धर्मेंद्र प्रधान तथा मंत्री हरदीप पुरी को उनकी उम्रगट परेशानियों को




देखते हुए मंत्रिमंडल से हटाए जाने की संभावना है भगवान राम के नाम से मशहूर हो चुके फिल्म स्टार और पहली बार मेरठ से सांसद बने अरुण गोविल को आगामी उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव को देखते हुए मंत्री बनाए जाने की संभावना है इसी तरह उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष तथा केंद्रीय राज्य मंत्री पंकज चौधरी को जो पटेल समाज से आते हैं उनका मंत्रिमंडल से एक व्यक्ति एक पद के सिद्धांत के तहत हटाया जा सकता है इसी तरह महाराष्ट्र में एनडीए को मजबूती देने के लिए शिवसेना शिंदे गुटके सांसद श्रीकांत शिंदे को कैबिनेट मंत्री बनाया जा सकता है, इसके अलावा, पूर्व मंत्री अनुराग ठाकुर को पहाड़ों का प्रतिनिधित्व करने के लिए कैबिनेट मंत्री बनाया जा सकता है पंजाब में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए अभी हाल में आप छोड़कर भाजपा में शामिल हुएलिए राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा या अशोक मित्तल में से किसी एक को कैबिनेट को मंत्रिमंडल में शामिल किया जा सकता है इसी तरह पंजाब के ही रवनीत सिंह बिट्टू की जगह बीजेपी के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ को केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने की पूरी संभावना है बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को मंत्रिमंडल के इस विस्तार में कोई महत्वपूर्ण मंत्रालय दिए जाने की संभावना है इसी तरह मध्य प्रदेश के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष तथा खजुराहो से सांसद विष्णु दत्त शर्मा महाराजगंज बिहार से जनार्दन सिंह सिग्रीवाल केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने की पूरी संभावना है यह भी चर्चा है की केंद्रीय मंत्रिमंडल के आधा दर्जन से अधिक राज्य मंत्रियों के विभाग बदले जा सकते हैं।

# कैबिनेट मंत्री व अपना दल एस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आशीष पटेल से मिले माधौगढ़ विधायक मूलचंद्र निरंजन

## क्या अपना दल एस के प्रदेश महासचिव युवा नेता ओंकार सिंह ठाकुर की सक्रियता बनी वर्तमान विधायक की घबराहट का कारण ?

### -राजनीतिक हलकों में तेज हुई चर्चाएं

( यंग भारत न्यूज )

**माधौगढ़ ( जालौन )।** उत्तर प्रदेश की राजनीति में आगामी विधानसभा चुनाव2027 को लेकर गतिविधियां धीरे-धीरे तेज होती दिखाई दे रही हैं। इसी क्रम में माधौगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक मूलचंद्र निरंजन की अपना दल (एस) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल से हुई मुलाकात ने क्षेत्र के राजनीतिक गलियारों में नई चर्चाओं को जन्म दे दिया है। इस मुलाकात के बाद यह कयास लगाए जा रहे हैं कि आगामी चुनावों की रणनीति, संगठन की मजबूती और गठबंधन की संभावित सीटों को लेकर विचार-विमर्श हुआ होगा। हालांकि मुलाकात में किन विषयों पर चर्चा हुई, इसकी आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।



माधौगढ़ विधानसभा क्षेत्र में पिछले कुछ समय से राजनीतिक माहौल लगातार गर्म बना हुआ है। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता जनता के बीच अपनी सक्रियता बढ़ा रहे हैं। इसी बीच विधायक मूलचंद्र निरंजन की आशीष पटेल से मुलाकात को राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि आगामी चुनाव को देखते हुए भाजपा और अपना दल (एस) के बीच सीटों के तालमेल को लेकर भी चर्चाओं का दौर चल सकता है, हालांकि इस संबंध में अभी तक किसी भी दल की ओर से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। दूसरी ओर, क्षेत्र में सामाजिक और राजनीतिक रूप से सक्रिय ओंकार सिंह 'विक्की भैया' भी लगातार चर्चा में बने हुए हैं। वे लंबे समय से माधौगढ़, कोंच एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। गरीब और जरूरतमंद लोगों की सहायता, धार्मिक आयोजनों में सहभागिता, भागवत कथा, सामाजिक कार्यक्रमों और युवाओं के बीच उनकी सक्रिय उपस्थिति ने उन्हें एक अलग पहचान दिलाई है। यही कारण है कि क्षेत्र में उन्हें संभावित दावेदार के रूप में भी देखा जा रहा है। हालांकि उनकी उम्मीदवारी को लेकर भी अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि वर्तमान समय में क्षेत्र में बढ़ती राजनीतिक गतिविधियां आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों का संकेत हैं। विभिन्न दल अपने-अपने संगठन को मजबूत करने और जनता के बीच पकड़ बनाने में जुटे हुए हैं। ऐसे में बड़े नेताओं की मुलाकातें और क्षेत्रीय नेताओं की सक्रियता स्वाभाविक रूप से चर्चाओं का विषय बन रही हैं। फिलहाल, आशीष पटेल और विधायक मूलचंद्र निरंजन की मुलाकात को लेकर राजनीतिक हलकों में अलग-अलग तरह की चर्चाएं चल रही हैं। लेकिन जब तक गठबंधन की सीटों का औपचारिक ऐलान नहीं होता और राजनीतिक दल अपने प्रत्याशियों की घोषणा नहीं करते, तब तक किसी भी प्रकार का निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी होगी। आने वाले समय में गठबंधन की रणनीति और सीटों के बंटवारे के बाद ही माधौगढ़ विधानसभा की तस्वीर पूरी तरह साफ हो सकेगी। फिलहाल क्षेत्र की जनता और राजनीतिक कार्यकर्ताओं की नजरें शीर्ष नेतृत्व के अगले फैसलों पर टिकी हुई हैं।

# 23 वर्षीय युवती की संदिग्ध परिस्थितियों फंदे से लटक कर हुई मौत, पुलिस जांच में जुटी

( यंग भारत न्यूज )



**उरई** ।जनपद के एट थाना क्षेत्र के सतोह गांव में शुक्रवार देर शाम एक 23 वर्षीय युवती का शव घर में फंदे से लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही एट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतका की पहचान निकिता (23 वर्ष) पुत्री राम गोपाल निवासी सतोह के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि युवती ने घर में दुपट्टे से फंदा लगाकर जान दे दी। घटना के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है।परिजनों ने घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। तब तक परिजन शव को नीचे उतार चुके थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।एट थाना पुलिस का कहना है कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# संदिग्ध परिस्थितियो में झुलस गई 22 वर्षीय नवविवाहिता, मायके पक्ष ने पति पर लगाया जला देने का आरोप

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** नगर के मुहल्ला नया पटेल नगर में बीती 21 जून की शाम एक महिला संदिग्ध परिस्थितियों में आग से झुलस गई थी। महिला ने पति पर मिट्टी का तेल डालकर आग लगाने का आरोप लगाया था। घटना के बाद परिजनों ने उसे नगर के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया था जहां से उसे सीएचसी और फिर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। हालत गंभीर होने पर महिला को उरई से झांसी भेज दिया गया था लेकिन हालत में सुधार न होने पर उसे ग्वालियर रेफर कर दिया गया था जहां फिलहाल उसका उपचार जारी है। मामले में महिला के बयानों और उसके पिता किशुन कुमार निवासी ग्राम सुलखना की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपित पति हरीकिशुन, ससुर पुनू, सास मीना और ननद निवासी नया पटेल नगर निकट बाबू पैलेस कोंच के खिलाफ हत्या का प्रयास करने और दहेज उत्पीड़न की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था। वहीं प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह के निर्देशन में पुलिस ने शनिवार को आरोपी पति हरीकिशुन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस फरार चल रहे शेष आरोपियों की तलाश में जुटी है।गौरतलब हो कि नगर के नया पटेल नगर स्थित बाबू पैलेस के पास रहने वाले हरीकिशुन उर्फ बाबूजी की पत्नी महक उम्र 22 वर्ष रविवार शाम संदिग्ध परिस्थितियों में आग से बुरी तरह झुलस गई थी। महिला का आरोप है कि पति अन्य महिलाओं से बातचीत करता है और मना करने पर उसने गुस्से में आकर मिट्टी का तेल डालकर उसे आग के हवाले कर दिया। वहीं पिता ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा था कि पति सहित अन्य ससुरालीजन आए दिन बेटी के साथ मारपीट कर अतिरिक्त दहेज में चार पहिया वाहन की भी मांग लगातार कर रहे थे।

# बैलेंस खोकर पुलिया पर गिर पड़ी बाइक, चालक हुआ घायल

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** शनिवार को हुए एक सड़क हादसे में 35 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक अपनी मोटरसाइकिल से ससुराल से घर लौट रहा था, तभी रास्ते में पुलिया पर बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों ने तत्काल डायल 112 पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।जानकारी के अनुसार कुंवर पाल उम्र 35 वर्ष पुत्र बाबूराम निवासी ग्राम बेड़ा, ब्यौना राजा, थाना कैलिया, अपनी ससुराल छुटका खोड़ नावली, जालौन से मोटरसाइकिल से अपने घर लौट रहे थे।तभी कैलिया-ऊंचागांव रोड पर बनी पुलिया के पास उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई, जिससे वह सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए।घायल को तत्काल सीएससी जहां तैनात डॉ गौरव ने घायल का प्राथमिक उपचार किया। जांच में हालत गंभीर पाए जाने पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए उरई मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों के अनुसार युवक के सिर एवं शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई है। पुलिस ने भी मामले की जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# थाना समाधान दिवस में एएसपी ने सुनी शिकायते

**जालौन।** अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. ईशान सोनी की अध्यक्षता में कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस में 14 शिकायतें दर्ज की गई। जिनमें से दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. ईशान सोनी की उपस्थिति में कोतवाली परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में 14 शिकायतें पंजीकृत हुई जिसमें सात शिकायतें राजस्व विभाग व सात शिकायतें पुलिस विभाग की दर्ज की गई। खंडेराव निवासी विपिन गुप्ता खंडेराव ने नाले की सफाई, खटीकान निवासी सुनील, मनोज आदि ने आम रास्ते पर कब्जे की शिकायत दर्ज कराई। श्रीवती सहाव ने प्लॉट पर दरवाजे, अकोढ़ी दुबे निवासी भदोले ने जमीनी विवाद, शिवनारायण छिरिया सलेमपुर ने चकरोड पर कब्जे की शिकायत दर्ज कराई। जिनमें से पुलिस विभाग की दो शिकायतों को मौके पर निस्तारण कर दिया गया है। राजस्व विभाग की सात व पुलिस विभाग की पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण न होने के कारण उनके निस्तारण के लिए अपर पुलिस अधीक्षक ने टीम गठित कर दी

# लापता पुत्र पहुंचा बालगृह, पुत्र को पाने के लिए दर दर भटक रही मां कोतवाली पहुंची

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** घर से लापता होने के बाद बालगृह कानपुर में मौजूद 13 वर्षीय बेटे को पाने के लिए मां करीब 20 दिनों से यहां वहां भटक रही है। परेशान मां ने अब कोतवाली पुलिस से बेटे को उसे दिलाए जाने की गुहार लगाई है।

मुहल्ला आज़ाद नगर कोंच एवं हाल पता कांशीराम कालोनी कोंच निवासी पीड़ित महिला सूफिया पत्नी साबिर ने शनिवार को कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बीती 6 जून को उसका बेटा शुभान उम्र 13 वर्ष कालोनी में खुली दुकान से सामान खरीदने कमरे से निकला हुआ था लेकिन वापस लौटकर कमरे पर नहीं आया जिसको लेकर उसने अगले रोज 7 जून को कोतवाली कोंच में बेटे की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। इसके बाद उसके भाई के मोबाइल पर फोन आया जिसने कहा कि वह बालगृह कल्याणपुर कानपुर से बोल रहा है और उसका बेटा यहां पर है जिसे यहां आकर अपने साथ ले जाए। सूफिया ने बताया कि वह बालगृह पहुंची जहां उसने जरूरी कागजात जमा कर दिए तो बालगृह के कर्मचारी ने एसआईआर जांच यहां से उरई भेजने और उरई से जांच होकर यहां वापस कानपुर आ जाने के बाद बेटे को साथ लेकर जाने की बात कही। सूफिया ने बताया कि अब जांच पूरी होकर रिपोर्ट बालगृह कानपुर पहुंच गई है लेकिन उसके बेटे को उसे नहीं दिया जा रहा है। वहां का कर्मचारी अब टीआई पुलिस के फ्री होने का बहाना बनाकर लगातार टरका रहा है। बेटे को न तो उरई लाया जा रहा है और न ही उसे सौंपा जा रहा है। सूफिया ने आशंका जताते हुए कहा है कि बालगृह कानपुर का उक्त कर्मचारी उसके बेटे के शरीर से छेड़छाड़ कर अनहोनी की घटना को अंजाम दे सकता है। सूफिया ने कोतवाली पुलिस से जल्द ही मामले में कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है।

# कूलर में करंट उतरने से मासूम बच्ची की अकाल मौत

### -बच्ची की मौत पर छाती पीट रहे हैं घर वाले

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** तहसील क्षेत्र के ग्राम बरोदा कला में शनिवार को एक दर्दनाक हादसे में 5 वर्षीय मासूम बच्ची की करंट लगने से मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।जानकारी के अनुसार अनन्या पाठक उम्र 5 वर्ष पुत्री कुलदीप पाठक, निवासी ग्राम नगला पाठक, थाना फफूंद, जिला औरैया, अपनी नानी की तबीयत खराब होने के कारण अपने मामा के घर ग्राम बरोदा कला आई हुई थी। बताया गया कि नानी कमरे में अस्वस्थ होने के कारण आराम कर रही थीं। इसी दौरान अनन्या की नींद खुली और वह कमरे में खेलते-खेलते वहां रखे लोहे के कूलर के पास पहुंच गई। जैसे ही उसने कूलर को हाथ लगाया तो वह कूलर में उतरे करंट की चपेट में आ गई।करंट लगते ही बच्ची गंभीर रूप से झुलस गई। परिजन तुरंत उसकी ओर दौड़े, लेकिन तब तक उसकी हालत बेहद गंभीर हो चुकी थी। आनन-फानन में उसे बचाने का प्रयास किया गया, लेकिन उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मासूम की असामयिक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं गांव में भी शोक का माहौल है।

# 16 वर्षीय बेटी के साथ अपहरण करके गैंगरेप करने की घटना पर भी नदीगांव थाने में नही लिखी गई रिपोर्ट

( यंग भारत न्यूज )



- सीओ को शिकायत देते हुए पीड़ित पिता ने बताया कि जब वह एफआईआर कराने थाने पहुंचा तो उसकी दोनो नाबालिग पुत्रियों को भद्दी और अश्लील गालियां देने लगे पुलिस वाले
- रिपोर्ट दर्ज किए बिना उसे बेज्जत कर भगा दिया
- सीओ से एफआईआर दर्ज करवा कर अन्यथाने से विवेचना करवाने की मांग

**कोंच** सर्किल के नदीगांव थाना क्षेत्र के निवासी एक व्यक्ति ने शनिवार को क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद को शिकायती पत्र देकर नदीगांव थाना पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायतकर्ता का दावा है कि वह अपनी 16 वर्षीय नाबालिग बेटी से जुड़े अपहरण एवं सामूहिक दुष्कर्म के मामले की शिकायत लेकर 25 जून को थाने पहुंचा था तथा घटना की थी। शिकायतकर्ता का आरोप है कि इस दौरान मौजूद कुछ पुरुष पुलिसकर्मियों ने उसकी दोनों बेटियों को लेकर आपत्तिजनक और अशोभनीय टिप्पणियां कीं, जिससे परिवार को गहरा मानसिक आघात पहुंचा।शिकायतकर्ता का यह भी आरोप है कि विरोध करने के बावजूद पुलिस ने तत्काल एफआईआर दर्ज नहीं की और पहले जांच करने की बात कहकर मामला टाल दिया। इसके साथ ही उसने आरोप लगाया कि मुख्य आरोपी कथित तौर पर अवैध बालू खनन से जुड़ा है और पुलिस से सांठगांठ होने के कारण कार्रवाई नहीं की जा रही है। हालांकि लगाए गए इन आरोपों की पुष्टि नहीं हो सकी है।पीड़ित पक्ष ने सीओ से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने, संबंधित आरोपियों के खिलाफ पॉक्सो सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने तथा कथित अभद्र टिप्पणी करने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई करने तथा अवैध बालू खनन और पुलिस की कथित मिलीभगत की गुप्त जांच कराने की मांग की है।

# चार पहिय वाहन को क्रास करते समय ई रिक्शा खंदक में पलटा

## पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** क्षेत्र में शनिवार सुबह एक सड़क हादसे में ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया। हादसे में 9 वर्षीय बच्चा निसार सैफ घायल हो गया। जबकि उसके पिता फिरोज को भी चोटें आईं। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची 102 एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार किया गया।जानकारी के अनुसार, पचीपुरा निवासी निसार सैफ उम्र 9 वर्ष पुत्र फिरोज अपने माता-पिता नसरीन और फिरोज तथा भाइयों तारूफ और आमिर के साथ उरई स्थित अपने मामा के घर ताजिया देखने गया था। शनिवार सुबह पूरा परिवार ई-रिक्शा से वापस अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान हरदोई गुजर के पास एक चार पहिया वाहन बगल से तेजी से निकला। वाहन को साइड देने के प्रयास में ई-रिक्शा चालक का संतुलन बिगड़ गया और ई-रिक्शा सड़क किनारे खाई में पलट गया।हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया और घायलों को ई-रिक्शा से बाहर निकाला। सूचना मिलने पर पहुंची 102 एंबुलेंस ने घायल बालक सैफ और उसके पिता फिरोज को सीएचसी कोंच पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा दोनों का उपचार किया गया। घटना के बाद परिजनों में चिंता का माहौल बना हुआ है।

# होमगार्ड के साथ मारपीट के मामले पुलिस ने किया मामला दर्ज

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** यूपी-112 पुलिस के चालक होमगार्ड के साथ कुछ लोगों द्वारा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। होमगार्ड की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने दो नामजद समेत तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शुक्रवार शाम ग्राम कुंवरपुरा निवासी आलोक शराब के नशे में गांव में गाली-गलौज कर रहा था। ग्रामीणों के मना करने पर वह विवाद करने लगा और यूपी-112 को कॉल कर बुला लिया। मौके पर पहुंचे पीआरवी कर्मियों से उसकी कहासुनी होने लगी, जो देखते ही देखते हाथापाई में बदल गई। आरोप है कि इसी दौरान आलोक ने पीआरवी चालक होमगार्ड कमलेश कुमार के साथ मारपीट कर दी और मौके से भाग गया। सूचना मिलते ही कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। होमगार्ड कमलेश कुमार की तहरीर पर पुलिस ने आलोक तिवारी, छिंगे पटेल समेत तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।इस संबंध में क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सामूहिक विवाह के नाम पर ठगी का खेल, शादी का झांसा देकर रजिस्ट्रेशन शुल्क वसूला, फरार हुआ कथित आयोजक

## शादी के सपने लेकर घूम रहे हैं भावी वरवधु

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन।** गरीब और जरूरतमंद परिवारों को कम खर्च में बच्चों का विवाह कराने का सपना दिखाकर ठगी करने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जनपद में एक कथित समाज सेवी संस्था के नाम पर सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन करने और उसमें शादी कराने के नाम पर तीन परिवारों से हजारों रुपये की ठगी कर ली गई। रुपये लेने के बाद आरोपी मोबाइल बंद कर फरार हो गया, जिसके बाद पीड़ितों ने अपर पुलिस अधीक्षक (स्क) से न्याय की गुहार लगाई है। एएसपी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए इसके जांच के आदेश दे दिए हैं।

**प्रचार पर्चा देखकर जाल में फंसे पीड़ित**

मिली जानकारी के अनुसार, थाना कैलिया क्षेत्र के ग्राम सानी निवासी पूरन, थाना सिरसा कलार के ग्राम नगरी निवासी रामपाल और चुर्खी थाना क्षेत्र के ग्राम चुर्खी निवासी रामदेव अपने-अपने बच्चों के विवाह को लेकर चिंतित थे। इसी बीच उनके हाथ एक विशाल सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन का प्रचार-प्रसार संबंधी पर्चा (पम्फलेट) लगा। पर्चे पर बड़े-बड़े वादे और भव्य आयोजन की बात लिखी थी। पर्चे पर दिए गए मोबाइल नंबरों पर जब पीड़ितों ने संपर्क किया, तो उनकी बातचीत झांसी जनपद के समथर निवासी आकाश कुमार नामदेव नाम के व्यक्ति से हुई। उसने खुद को आयोजन का मुख्य कर्ता-धर्ता बताया।

**मेला ग्राउंड में हुई मुलाकात, रजिस्ट्रेशन के नाम पर वसूले रुपये**

पीड़ितों का आरोप है कि बीती 5 जून को आकाश कुमार नामदेव ने उन्हें जालौन नगर में स्थित ऐतिहासिक बाराही देवी मेला ग्राउंड के मंदिर परिसर में मिलने के लिए बुलाया। वहाँ आरोपी ने उन्हें झांसे में लेते हुए विवाह की सरकारी व गैर-सरकारी मदद दिलाने का भरोसा दिया। शादी की प्रक्रिया पूरी करने और सामान आदि की बुकिंग के नाम पर उसने तीनों पीड़ितों से रजिस्ट्रेशन शुल्क के रूप में अलग-अलग धनराशि (रुपये) जमा करा लिए। आरोपी ने सभी को आश्वस्त किया था कि आगामी 22 जून को बाराही देवी मेला मैदान में ही भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन होगा, जिसमें पूरे रीति-रिवाज के साथ उनके बच्चों की शादी संपन्न करा दी जाएगी और गृहस्थी का सामान भी दिया जाएगा।

**तारीख आने पर बंद हुआ फोन, ठगी का हुआ अहसास**

जैसे-जैसे शादी की निर्धारित तिथि (22 जून) नजदीक आने लगी, पीड़ितों ने तैयारियों और कार्ड आदि की जानकारी के लिए आरोपी आकाश कुमार से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया। शुरुआत में आरोपी टालमटोल करता रहा, लेकिन बाद में उसने पीड़ितों के फोन उठाने बंद कर दिए और अंततः अपना मोबाइल बंद कर लिया। जब पीड़ित तय तारीख को आयोजन स्थल पर पहुँचे, तो वहाँ सन्नाटा पसरा हुआ था। आस-पास के लोगों से पूछताछ करने पर पीड़ितों के पैरों तले जमीन खिसक गई। उन्हें पता चला कि कथित आयोजक फर्जी तरीके से लोगों को सामूहिक विवाह का झांसा देकर उनसे मोटी रकम ऐंठता है और फिर रफूचक्कर हो जाता है।

**एएसपी ने सीओ को सौंपी जांच**

शादी वाले घर में खुशियों की जगह मायूसी छा गई और ठगी का शिकार हुए तीनों ग्रामीण न्याय के लिए भटकने लगे। आखिरकार, पीड़ितों ने जालौन मुख्यालय पहुँचकर अपर पुलिस अधीक्षक (स्क) डॉ. ईसान सोनी को एक शिकायती पत्र देकर अपनी आपबीती सुनाई और आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने तथा उनके रुपये वापस दिलाने की मांग की।

**> पुलिस का वक्तव्य:**

> पीड़ितों की तहरीर और मामले की गंभीरता को देखते हुए एएसपी डॉ. ईसान सोनी ने तत्काल संज्ञान लिया है। उन्होंने इस पूरे मामले की विस्तृत जांच क्षेत्राधिकारी शैलेंद्र बाजपेई को सौंप दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपी के मोबाइल नंबर और पते को ट्रेस किया जा रहा है, जांच रिपोर्ट आते ही आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

# थाना दिवस में जिलाधिकारी ने सीधे फरियादियों से लिया फीडबैक, कहा शिकायत का समाधान ही प्रशासन की असली कसौटी

## पुलिस अधीक्षक ने भी दूरभाष पर शिकायतकर्ताओं से की बातचीत, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण की परखी हकीकत

( यंग भारत न्यूज )



उरई (जालौन)। जनपद के थाना कोटरा सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान थाना दिवस में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना तथा संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध एवं निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समाधान दिवस के दौरान कुल तीन प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने केवल नई शिकायतें ही नहीं सुनीं, बल्कि पिछले संपूर्ण समाधान थाना दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की भी गहन समीक्षा की। उन्होंने अभिलेखों पर निर्भर रहने के बजाय स्वयं शिकायतकर्ताओं से सीधे दूरभाष पर संपर्क कर वास्तविक स्थिति का सत्यापन किया। इस दौरान 10 शिकायतकर्ताओं से रेंडम फीडबैक लिया गया, जिसमें सभी ने अपने प्रकरणों के निस्तारण पर संतोष व्यक्त किया। जिलाधिकारी ने ऐन्धा निवासी ममता देवी से दूरभाष पर वार्ता करते हुए स्वयं का परिचय दिया और पूछा कि पूर्व में की गई शिकायत का निस्तारण होने के बाद क्या वह संतुष्ट हैं। ममता देवी ने स्पष्ट रूप से बताया कि उनकी समस्या का समाधान हो चुका है और वह पूरी तरह संतुष्ट हैं। इसी प्रकार विनोरा निवासी कमलेश से भी बातचीत कर शिकायत के निस्तारण की पुष्टि की गई, जिन्होंने भी प्रशासन की कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया। पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने मुगलानाघाट निवासी बृजमोहन से दूरभाष पर संपर्क कर उनकी पूर्व शिकायत के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने यह भी पूछा कि कहीं किसी प्रकार के दबाव में आकर तो संतुष्टि नहीं व्यक्त की गई है। इस पर शिकायतकर्ता ने स्पष्ट कहा कि उसकी शिकायत का वास्तविक एवं संतोषजनक निस्तारण किया गया है तथा किसी प्रकार का कोई दबाव नहीं है। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने अपना परिचय देते हुए बताया कि शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण की वास्तविक स्थिति जानने के लिए, यह फीडबैक लिया जा रहा है और शिकायतकर्ता का सहयोग करने के लिए धन्यवाद दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा केवल शिकायतों का निस्तारण दर्ज करना नहीं, बल्कि प्रत्येक फरियादी को न्याय और संतुष्टि दिलाना है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण के बाद संबंधित शिकायतकर्ता से अनिवार्य रूप से फीडबैक प्राप्त करें तथा प्रत्येक प्रकरण का समाधान पारदर्शी, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस और प्रशासन की विश्वसनीयता तभी मजबूत होगी जब शिकायतकर्ता स्वयं यह महसूस करे कि उसकी समस्या का निष्पक्ष समाधान हुआ है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए संवेदनशील व्यवहार और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन का विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो सके। इस अवसर पर एसएचओ विमलेश कुमार आदि सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# अवैध मोरंग ढुलाई वाले ट्रकों से रात दिन वसूली में व्यस्त है पुलिस, कालपी में सरे बाजार दोपहर में महिला की चेन लूटकर फरार हो गए बदमाश

- कुछ दिनों पूर्व जब मंत्री मनोज पाठक कालपी दौरे पर पहुंचे थे तब मंदिर दर्शन के दौरान जेब कतरो ने उनके साथियों की कर दी थीं जेबें साफ
- उपरोक्त अपराधों पर कोई कार्यवाही न कर पाने वाली कोतवाली पुलिस का समाप्त हो गया है इकबाल
- अपराधी खेल रहे हैं खुलकर
- बैंकों के आसपास बढ़ीं वारदातें, व्यापारी व आमजन में दहशत
- पूर्व की घटनाओं का अब तक नहीं हुआ खुलासा, कार्रवाई पर उठ रहे सवाल
- अपराधियों पर अंकुश लगाने में पुलिस नाकाम होने के आरोप
- चेन लुटेरों की गिरफ्तारी का इंतजार, सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल

( यंग भारत न्यूज )

कालपी (जालौन)। कालपी नगर के मुख्य बाजार में शनिवार को दिनदहाड़े एक महिला के गले से सोने की चेन छीनकर दो बाइक सवार बदमाश फरार हो गए। घटना के बाद बाजार में अफरा-तफरी मच गई और व्यापारी तथा स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। यह वारदात ऐसे स्थान पर हुई, जहां आसपास कई बैंक स्थित हैं और प्रतिदिन बड़ी संख्या में व्यापारी व आमजन नकदी जमा करने और निकालने के लिए आते-जाते हैं।

जानकारी के अनुसार, सावित्री पत्नी अर्जुन सिंह मौर्य, जो एक संस्था में लिपिक हैं, मुख्य बाजार में सब्जी खरीद रही थीं। इसी दौरान बाइक पर आए दो बदमाश उनके गले से सोने की चेन झपटकर फरार हो गए। घटना इतनी तेजी से हुई कि आसपास मौजूद लोग कुछ समझ पाते, उससे पहले आरोपी मौके से निकल चुके थे। स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों का कहना है कि कालपी में चेन स्नैचिंग, जेबकतरी और अन्य आपराधिक घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। उनका आरोप है कि कई घटनाओं का अब तक खुलासा नहीं हो सका है, जिससे अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। लोगों का कहना है कि कुछ दिन पहले कैबिनेट मंत्री के कार्यक्रम के दौरान भी जेब कटने की घटनाएं सामने आई थीं, लेकिन उन मामलों में भी ठोस कार्रवाई नहीं दिखाई दी। नगर के लोगों ने आरोप लगाया कि कोतवाली क्षेत्र में हिस्ट्रीशीटर और असामाजिक तत्व खुलेआम घूम रहे हैं, जबकि पुलिस अपराध नियंत्रण में प्रभावी भूमिका निभाती नजर नहीं आ रही। इसी कारण बाजार आने वाले लोगों, विशेषकर महिलाओं और व्यापारियों में असुरक्षा की भावना बढ़ती जा रही है। घटना के बाद लोगों ने पुलिस से बाजार और बैंक क्षेत्रों में नियमित गश्त बढ़ाने, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी तथा अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए तो ऐसी घटनाएं लगातार बढ़ सकती हैं। पुलिस का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। आरोपियों की पहचान कर उन्हें शीघ्र गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है।

# अमृत योजना में लापरवाही से पेयजल संकट गहराया, डीएम से कार्रवाई की मांग

( यंग भारत न्यूज )



उरई (जालौन)। नगर पालिका परिषद उरई क्षेत्र के वार्ड संख्या-5 रामनगर उत्तरी की सभासद अभिलाषा देवी ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन भेंट करते हुए बताया कि अमृत योजना के तहत कराए जा रहे पाइप लाइन कार्य में अनियमितताओं और लापरवाही का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को शिकायत पत्र सौंपा गया है। शिकायत में कहा गया है कि बंगाली डॉक्टर झांसी रोड से राहुल पत्रकार के मकान तक सीसी रोड खोदकर पाइप लाइन तो बिछा दी गई, लेकिन सड़क की मरम्मत और पाइप लाइन का कनेक्शन अब तक नहीं किया गया है।

शिकायतकर्ताओं का कहना है कि करीब एक माह से सड़क खुदी होने के कारण स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, क्षेत्र में पेयजल संकट भी लगातार बना हुआ है। आरोप है कि कई बार अमृत योजना के अधिकारियों और ठेकेदार से शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया। ज्ञापन में बताया गया कि बैंक अजनारी रोड स्थित शंकर भगवान मंदिर के आसपास के लोग पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं, जबकि संबंधित अधिकारी और ठेकेदार आवश्यक कार्य कराने में उदासीन बने हुए हैं। शिकायत में मामले की जांच कर दोषी अधिकारियों और ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा पाइप लाइन का कार्य शीघ्र पूरा कर पेयजल आपूर्ति बहाल कराने की मांग की गई है।

# एट-कोटरा मार्ग निर्माण की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी सख्त

## निरीक्षण के दौरान पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड को लगाई कड़ी फटकार, बारिश से पहले हर हाल में कार्य पूरा करने के निर्देश

( यंग भारत न्यूज )



उरई (जालौन)। जनपद में सड़क निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति का जायजा लेने के क्रम में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने एट-कोटरा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य अपेक्षित गति से न होने पर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त की तथा लोक निर्माण विभाग (प्रांतीय खंड) के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई।जिलाधिकारी ने कहा कि यह मार्ग क्षेत्र के हजारों लोगों की दैनिक आवाजाही का प्रमुख माध्यम है। ऐसे महत्वपूर्ण मार्ग के निर्माण में किसी भी प्रकार की शिथिलता या अनावश्यक विलंब क्षम्य नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य में अतिरिक्त संसाधन एवं मानवबल लगाकर निर्माण की गति तत्काल बढ़ाई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि मानसून की तीव्र वर्षा शुरू होने से पहले हर हाल में एट-कोटरा मार्ग का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाए, ताकि बरसात के दौरान आमजन को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।जिलाधिकारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कार्य में लापरवाही, अनावश्यक विलंब अथवा गुणवत्ता में कमी पाई गई तो संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को नियमित रूप से स्थल निरीक्षण कर कार्य की दैनिक निगरानी करने तथा निर्धारित समयसीमा के भीतर निर्माण पूरा कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनहित से जुड़े सभी विकास कार्य समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से पूरे कराए जाएं, जिससे आमजन को बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध हो सके।

# निर्माण कार्यों में लापरवाही पर जिलाधिकारी सख्त, धीमी प्रगति पर ठेकेदार को नोटिस के निर्देश

## -खनिज कार्यालय 31 जुलाई तक हर हाल में पूर्ण करने की समय-सीमा तय, एनआईसी भवन दो दिन में तैयार करने के निर्देश

( यंग भारत न्यूज )



उरई (जालौन)। कलेक्ट्रेट परिसर में निर्माणाधीन शासकीय भवनों के कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने शनिवार को निर्माणाधीन एनआईसी कार्यालय एवं खनिज कार्यालय का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यों की धीमी गति पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।निर्माणाधीन खनिज कार्यालय का निरीक्षण करते समय जिलाधिकारी ने पाया कि भवन निर्माण की प्रगति निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप नहीं है। उन्होंने अधिशासी अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को निर्देशित किया कि कार्य में अनावश्यक विलंब के लिए संबंधित ठेकेदार को तत्काल कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए तथा अनुबंध की शर्तों के अनुरूप आवश्यक दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। भवन की दूसरी मंजिल की स्लैब का निर्माण पूरा हो चुका है, लेकिन उसके ऊपर प्लास्टर का कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं किया गया है। वहीं भूतल एवं अन्य हिस्सों में पुट्टी-पुताई, विद्युत फिटिंग, पेयजल एवं सेनेटरी व्यवस्था, दरवाजे-खिड़कियों की स्थापना, एप्रन निर्माण सहित कई महत्वपूर्ण कार्य अधूरे पाए गए।जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि अतिरिक्त श्रमिकों एवं संसाधनों की व्यवस्था कर निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए और 31 जुलाई 2026 तक प्रत्येक दशा में भवन का समस्त कार्य पूर्ण कराया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि निरीक्षण के दौरान दिए गए निर्देशों के अनुपालन में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दास्त नहीं की जाएगी। यदि कार्य की प्रगति में पुनः लापरवाही पाई गई तो संबंधित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन एनआईसी कार्यालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने शेष बचे सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करते हुए दो दिवस के भीतर भवन को पूर्ण रूप से तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि कार्यालय का संचालन शीघ्र प्रारंभ कराया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि शासकीय भवनों का निर्माण केवल समय पर पूरा होना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी गुणवत्ता भी सर्वोच्च मानकों के अनुरूप होनी चाहिए। जनहित से जुड़े प्रत्येक निर्माण कार्य में अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में बर्दास्त नहीं किया जाएगा और जिम्मेदारी तय करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# 'दो बूंद जिंदगी की' का जनसंदेश लेकर निकली जागरूकता रैली

## 28 जून को जनपद के 2.16 लाख से अधिक बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक

( यंग भारत न्यूज )

उरई (जालौन)। राष्ट्रीय पल्स पोलियो महाअभियान के अंतर्गत 28 जून को आयोजित होने वाले पोलियो बूथ दिवस की सफलता सुनिश्चित करने के लिए शनिवार को जिला पुरुष चिकित्सालय उरई से भव्य जनजागरूकता रैली निकाली गई। रैली को जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग, नगर क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, आशा कार्यकत्रियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, मेडिकल एवं नर्सिंग विद्यार्थियों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों और बड़ी संख्या में आमजन ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। जनजागरूकता रैली जिला पुरुष चिकित्सालय से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः चिकित्सालय परिसर में सम्पन्न हुई। पूरे मार्ग में प्रतिभागियों ने 'दो बूंद जिंदगी की' और 'पोलियो मुक्त भारत' के नारों के माध्यम से लोगों को अपने बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाने का संदेश दिया। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी ने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों की सुरक्षा केवल दो बूंद दवा से संभव है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपने साथ-साथ आसपास के बच्चों को भी पोलियो बूथ तक लाने का आह्वान किया। सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने पोलियो मुक्त भारत के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य के लिए प्रत्येक बच्चे तक पोलियो की खुराक पहुंचाना हम सभी का सामूहिक दायित्व है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि 28 जून को आयोजित पोलियो बूथ दिवस पर 0 से 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को निकटतम पोलियो बूथ पर ले जाकर पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं। एक भी बच्चा छूटना पूरे अभियान की सफलता को प्रभावित कर सकता है, इसलिए प्रत्येक अभिभावक अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए इस राष्ट्रीय अभियान में सहभागी बने। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरिनंदन प्रसाद तथा अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. वीरेंद्र सिंह ने बताया कि जनपद में अभियान के लिए व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 1188 पोलियो बूथों तथा 590 टीमों के माध्यम से 2,16,833 लक्षित 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। उन्होंने सामाजिक, धार्मिक एवं स्वयंसेवी संगठनों से भी अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में सहयोग की अपील की। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, चिकित्सा अधीक्षकों, नर्सिंग स्टाफ, शिक्षा विभाग के प्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# कोटरा गुरसरांय मार्ग पर पुल के निरीक्षण में मिली खामियों पर जिलाधिकारी सख्त, सेतु निगम की लापरवाही पर जताई नाराजगी

## दो स्थानों पर मिले गड्ढे, तीन दिन में गुणवत्तापूर्ण मरम्मत के निर्देश; विलंब होने पर होगी कड़ी कार्रवाई

( यंग भारत न्यूज )



उरई (जालौन)। जनपद में सुरक्षित एवं सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने कोटरा-गुरसरांय मार्ग पर वेतवा पुल का संयुक्त स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुल पर दो स्थानों पर गड्ढे पाए गए, जिस पर जिलाधिकारी ने सेतु निगम के अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए इसे गंभीर लापरवाही माना। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि तीन दिनों के भीतर दोनों स्थानों पर स्थायी एवं गुणवत्तापूर्ण मरम्मत कार्य पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि यदि निर्धारित समयसीमा में कार्य पूरा नहीं हुआ अथवा कार्य की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं पाई गई तो संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।जिलाधिकारी ने कहा कि जनहित से जुड़े सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, जवाबदेही एवं समयबद्धता अनिवार्य है। सभी संबंधित विभाग नियमित निरीक्षण करते हुए छोटी से छोटी कमी का भी तत्काल निराकरण सुनिश्चित करें, जिससे आमजन को सुरक्षित एवं सुचारु आवागमन की सुविधा मिलती रहे। पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने निरीक्षण के दौरान यातायात सुरक्षा व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि मरम्मत कार्य के दौरान पर्याप्त बैरिकेडिंग, चेतावनी संकेतक एवं यातायात नियंत्रण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# माननीय न्यायालय के आदेश से जनपद में चलाया गया रेस्क्यू अभियान

( यंग भारत न्यूज )



उरई (जालौन)। उच्च न्यायालय, लखनऊ में योजित ज्योति राजपूत बनाम उत्तर प्रदेश राज्य व अन्य के सम्बन्ध में दिनांक 24.11.2025 को पारित आदेश के क्रम में जिलाधिकारी व जिला प्रोवेशन अधिकारी के आदेश के क्रम में जनपद में गठित विभिन्न विभागों की कमेटी द्वारा अभियान चलाते हुए जनपद स्तर पर कठिन परिस्थितियों में सड़क पर मिलने वाले अनाथ, परित्यक्त या आपातस्थिति में रह रहे व्यक्तियों के सम्बन्ध में उनके पुनर्वासन की कार्यवाही किये जाने हेतु संबंधित विभागों द्वारा रेस्क्यू अभियान चलाया गया जिसमें समाज कल्याण विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, महिला कल्याण विभाग, नगर निगम विभाग, डूडा, स्वास्थ्य विभाग एवं पुलिस विभाग की 07 टीमो द्वारा रेलवे स्टेशन उरई में अभियान चलाया गया जिसमें स्टेशन पर रहने वाले महिला व पुरुष को पुनर्वासित करने के साथ ही बीमार व दिव्यांजन व्यक्तियों को पैंशन व जिला अस्पताल में भर्ती कराकर पुनर्वासित कराया गया तथा अन्य संबंध में जानकारी दी गई उक्त अभियान के दौरान चिकित्सा विभाग से डॉक्टर आनंद वर्मा श्रम विभाग से सुनील, पुलिस विभाग से थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग से शकील, डूडा विभाग से अहमद, समाज कल्याण विभाग से देवेंद्र, दिव्यांजन सशक्तिकरण विभाग से वरिष्ठ सहायक शैलेश गुप्ता एवं महिला कल्याण विभाग से संरक्षण अधिकारी जूली खातून, गरिमा पाठक द्विवेदी, सदस्य बाल कल्याण समिति प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर प्रतीक्षा सिंह, केन्द्र प्रबंधक रीना यादव वन स्टॉप सेंटर दित्तीय व प्रवीणा यादव वन स्टॉप सेंटर प्रथम एवं सुरेश कुमार सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जालौन को मिली आधुनिक तरणताल की सौगात, आज से शुरू होगी तैराकी की सुविधा

- जिलाधिकारी ने किया अंतिम निरीक्षण, सभी तैयारियां मिलीं संतोषजनक
- खिलाड़ियों और युवाओं के लिए खुलेगा इंदिरा स्टेडियम का नवीनीकृत स्विमिंग पूल



( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जनपद मुख्यालय स्थित इंदिरा स्टेडियम का अत्याधुनिक तरणताल अब पूरी तरह तैयार है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने शनिवार को तरणताल का अंतिम स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और सभी तैयारियां संतोषजनक पाए जाने पर आज से शुभारंभ किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने तरणताल की सुरक्षा व्यवस्था, जल गुणवत्ता, फिल्ट्रेशन सिस्टम, चेंजिंग रूम, शौचालय, पाथवे, शेड, बाउंड्रीवाल, टाइल्स, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि संचालन के दौरान स्वच्छता, सुरक्षा मानकों और नियमित रखरखाव में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए, ताकि खिलाड़ियों एवं आमजन को उच्च गुणवत्ता की सुविधाएं निरंतर उपलब्ध होती रहें।

मा0 जल शक्ति मंत्री की निधि से कराए गए व्यापक जीर्णोद्धार कार्यों के बाद तरणताल आधुनिक स्वरूप में तैयार हुआ है। परिसर में आकर्षक सौंदर्यीकरण, बेहतर आधारभूत सुविधाएं और खिलाड़ियों की आवश्यकताओं के अनुरूप व्यवस्थाएं विकसित की गई हैं। इससे जनपद के तैराकों को अब स्थानीय स्तर पर ही गुणवत्तापूर्ण अभ्यास एवं प्रशिक्षण का अवसर मिलेगा। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि खेल सुविधाओं का विस्तार प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। इंदिरा स्टेडियम का नवीनीकृत तरणताल न केवल खिलाड़ियों की प्रतिभा को नई उड़ान देगा, बल्कि युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और खेलों से जुड़ने के लिए भी प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि आधुनिक खेल अधोसंरचना विकसित कर जनपद को खेल गतिविधियों का मजबूत केंद्र बनाने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। आज से तरणताल के शुभारंभ के साथ जनपद के खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों एवं युवाओं को एक ऐसी आधुनिक सुविधा उपलब्ध होगी, जिसकी लंबे समय से प्रतीक्षा थी। यह परियोजना निश्चित रूप से जालौन में खेल संस्कृति को नई ऊर्जा और नई पहचान प्रदान करेगी। इस अवसर पर जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान, आरईएस के अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# ट्रकों पर मौरंग की धुलाई से करोड़ों की सड़कें हो रहीं बर्बाद, जिम्मेदार मौन; डकोर, बंधौली और मुहाना में धुलाई माफिया बेखौफ

- मौरंग की धुलाई से सड़क पर गिरती है चिकनी सिल्ट, जो करती है साबुन की तरह फिसलन का काम
- रपट रपट कर गुरती हैं गाड़ियां
- बालू लदे ट्रकों की पम्प सेटों से धुलाई, एक ट्रक से हजार रुपये तक की वसूली।
- पीडब्ल्यूडी और जिला प्रशासन को जानकारी के बावजूद कार्रवाई नहीं, सड़कें हो रहीं क्षतिग्रस्त
- हादसों को यह हत्यारी सड़के दे रही हैं दावत
- क्षेत्र वासियों के आरोप की प्रशासनिक और जिम्मेदार अधिकारी व पुलिस क्यों है खामोश, क्या उन्हें है बड़ी जनहानि का इंतिजार



( यंग भारत न्यूज )

**उरई/जालौन।** जनपद जालौन के डकोर, बंधौली और मुहाना क्षेत्र में बालू से लदे भारी ट्रकों की खुलेआम मशीनों से धुलाई का अवैध कारोबार धड़ल्ले से संचालित हो रहा है। इस धुलाई के कारण करोड़ों रुपये की लागत से बनी सड़कों को लगातार नुकसान पहुंच रहा है, लेकिन जिला प्रशासन और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को इसकी जानकारी होने के बावजूद अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। इससे जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं।

जानकारी के अनुसार, इन स्थानों पर धुलाई माफिया हाई प्रेशर मशीनों से बालू लदे ट्रकों की धुलाई करते हैं। एक ट्रक की धुलाई के बदले एक हजार रुपये या उससे अधिक की वसूली की जाती है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में ट्रकों की धुलाई होने से यह कारोबार लाखों रुपये तक पहुंच गया है। धुलाई के दौरान निकलने वाला पानी, कीचड़ और बालू सीधे सड़कों पर फैल जाता है। इससे सड़क की सतह तेजी से खराब हो रही है और डामर उखड़ने लगा है। सड़क पर लगातार पानी बहने से गड्ढे बन रहे हैं, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में यह स्थिति और भी गंभीर हो जाती है तथा दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार इस अवैध धुलाई की शिकायत प्रशासन और संबंधित विभागों से की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लोगों का आरोप है कि प्रशासनिक अधिकारियों की नाक के नीचे यह अवैध कारोबार बेखौफ चल रहा है, जिससे धुलाई माफिया मोटी कमाई कर रहे हैं। सवाल यह भी उठ रहा है कि जब जिले के उच्च अधिकारियों और पीडब्ल्यूडी विभाग को इस पूरे मामले की जानकारी है, तो फिर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही। यदि समय रहते इस अवैध धंधे पर रोक नहीं लगाई गई तो करोड़ों रुपये की सरकारी सड़कों को और अधिक नुकसान पहुंचेगा तथा भविष्य में इनके मरम्मत पर सरकारी खजाने से भारी राशि खर्च करनी पड़ेगी। स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि अवैध ट्रक धुलाई केंद्रों के खिलाफ अभियान चलाकर तत्काल कार्रवाई की जाए, ताकि सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों पर अंकुश लगाया जा सके और सड़कों को सुरक्षित रखा जा सके।

# अपना दल (एस) ने मनाई छत्रपति शाहू जी महाराज की जयंती, 2027 चुनाव को लेकर भरी हुंकार

- डॉ. सोनेलाल पटेल की जयंती कार्यक्रम की तैयारियों पर हुई संगठनात्मक बैठक
- कार्यकर्ताओं से विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का किया आह्वान




( यंग भारत न्यूज )

**उरई,जालौन।** अपना दल (एस) के जिला कार्यालय में शुक्रवार को सामाजिक न्याय के पुरोधा छत्रपति शाहू जी महाराज की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनिल कुदारी ने की। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने छत्रपति शाहू जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दीपमणि सिरोठिया, विशिष्ट अतिथि के रूप में रोहित राठौर एवं महेंद्र भंडारी तथा अति विशिष्ट अतिथि के रूप में आनंद पटेल (बाबूजी बोहरा), महेंद्र भदौरिया मौजूद रहे। सभी वक्ताओं ने छत्रपति शाहू जी महाराज के सामाजिक न्याय और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए किए गए कार्यों को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। जयंती कार्यक्रम के बाद पार्टी संस्थापक डॉ. सोनेलाल पटेल की 2 जुलाई को प्रस्तावित जयंती समारोह की तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक हुई। बैठक में कार्यक्रम को भव्य और ऐतिहासिक बनाने की रणनीति तय की गई तथा विभिन्न पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक के दौरान वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर भी कार्यकर्ताओं में उत्साह दिखाई दिया। कार्यकर्ताओं ने जालौन जिले की एक विधानसभा सीट से अपना दल (एस) का प्रत्याशी उतारने की मांग उठाई। नेताओं ने कहा कि डॉ. सोनेलाल पटेल की विचारधारा को गांव-गांव और जन-जन तक पहुंचाना पार्टी की प्राथमिकता है। जिलाध्यक्ष अनिल कुदारी ने कहा कि 2 जुलाई का कार्यक्रम संगठन की शक्ति का प्रदर्शन होगा। उन्होंने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। बैठक में जिला महासचिव शैलेंद्र पाल, किसान मंच जिलाध्यक्ष राम कुमार, मीडिया सचिव राजवीर सिंह, मुकेश कुमार बरार, श्याम सुंदर कुशवाहा, अंकित सिंह अहिरवार, सुशीला साहू, पवन गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता सहित बड़ी संख्या में विधानसभा, जोन, सेक्टर एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गोहन पुलिस ने लंगड़ा करके पकड़े दो बदमाश , ये हैं शातिर बकरी चोर

## गोहन थाना क्षेत्र में बदमाशो के साथ हुआ ऑपरेशन 'लंगड़ा'



( यंग भारत न्यूज )

**उरई ।** जिले की गोहन थाना पुलिस और एसओजी/सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बकरी चोरी के दौरान मालिक पर हमला करने वाले दो शातिर बदमाशों को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। जवाबी कार्रवाई में एक आरोपी के पैर में गोली लगी, जबकि दूसरे को पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया। आरोपियों के कब्जे से एक अवैध तमंचा, जिंदा व खोखा कारतूस तथा एक ब्लेडनुमा चाकू बरामद किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. ईशान सोनी ने बताया कि 26 जून की रात एसओजी/सर्विलांस टीम और थाना गोहन पुलिस क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि हाल ही में बकरी चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी रक्सूलपुर से बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे की ओर जाने वाले संपर्क मार्ग से गुजरने वाले हैं। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर चेकिंग शुरू कर दी। पुलिस को देखते ही बदमाशों ने भागने का प्रयास किया और पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लग गई। घायल आरोपी की पहचान आसिफ पुत्र अहमद रसूल (35 वर्ष), निवासी ग्राम बदनपुर, थाना गोहन के रूप में हुई, जबकि उसके साथी उदल पुत्र राजू (21 वर्ष), निवासी ग्राम नाहिली, थाना कुठौंद को पुलिस ने मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से एक अवैध तमंचा, दो जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस तथा एक ब्लेडनुमा चाकू बरामद किया गया। घायल आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस जांच में सामने आया कि दोनों आरोपी हाल ही में हुई बकरी चोरी की घटना में शामिल थे। चोरी का विरोध करने पर उन्होंने पशुपालक पर हमला कर उसे घायल कर दिया था। घटना के बाद से पुलिस उनकी तलाश में लगातार दबिश दे रही थी। मुखबिर की सटीक सूचना और पुलिस की सतर्कता के चलते दोनों आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए। पुलिस उनके आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटा रही है तथा संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# हमलावरों के हौसले बुलंद, पीड़ित के घर में घुसकर मारपीट व लूट की घटना को दिया अंजाम

( यंग भारत न्यूज )

- मगर पुलिस की शिथिल कार्यवाही से पीड़ित परिवार को बना है खतरा
- पड़ोसियों ने एक आरोपी को पड़कर बाइक समेत सौंपा पुलिस को

**उरई।** शहर के मुहल्ला लहरिया पुरवा निवासी सैफ खान ने शुक्रवार को कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया जिसमें उन्होंने बताया की बजरिया में मोहर्रम के दौरान निकलने वाले छड़ का जुलूस देखने वह अपनी छोटी बहन के साथ बजरिया गया था। उस दौरान छोटी बहिन के साथ की गई छिटाकाशी करने से मना करने पर आशिफ खान निवासी फकीरन टोला, अपने साथियों समीर, माका, मनपत, मुजम्मिल, बऊआ, लाला व जानू निवासी मुहल्ला गणेशगंज उरई नें उसके साथ मारपीट की थी। उसनें इसका प्रार्थना पत्र कोतवाली में दिया इस पर आरोपियों पर मुकदमा कायम हो गया। इससे नाराज आरोपियों ने शुक्रवार 26 जून को अपने 20 से 25 साथियों के साथ शाम करीब चार बजे पीड़ित के घर पर हमला कर दिया। इस दौरान उन्होंने तमंचा लहराते हुए घर में घुसकर मारपीट व लूटपाट शुरु कर दी। इसी दौरान पड़ोसी मौके पर एकत्रित हो गए और उन्होंने उसे व परिजनों को बचाया। साथ ही एक आरोपी मुजम्मिल पुत्र राशिद निवासी गणेशगंज उरई को बाइक सहित मौके पर पकड़ लिया। मेरे पिता ने पुलिस को फोन कर आरोपी को पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पीड़ित सैफ का कहना है की आरोपियों के हौसले बुलंद हैं। उन्होंने बुधवार की रात उसे बेरहमी से मारा इस पर भी उनका मन नहीं भरा तो उन्होंने जान से मारने की नियत से तमंचा व असलहे लेकर मेरे घर पर धावा बोल दिया।

# छत्रपति शाहू जी महाराज की जयंती पर जन अधिकार पार्टी ने संगठन विस्तार का भरा दम

## आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर मंथन, बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने पर जोर

( यंग भारत न्यूज )



**उरई,जालौन।** जन अधिकार पार्टी ने शनिवार को मंडल अध्यक्ष सुंदर सिंह कुशवाहा के आवास पर आरक्षण के जनक छत्रपति शाहू जी महाराज की जयंती मनाई। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने और जनसंपर्क अभियान तेज करने की रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं मंडल प्रभारी दयाराम मुखिया ने कहा कि पार्टी की विचारधारा सामाजिक न्याय और सभी वर्गों को समान भागीदारी दिलाने पर आधारित है। उन्होंने कहा कि पार्टी संस्थापक बाबू सिंह और राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकन्या के नेतृत्व में बहुजन महापुरुषों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। कार्यकर्ताओं को गांव-गांव और बूथ स्तर तक संगठन का विस्तार कर पार्टी की नीतियों से लोगों को जोड़ना होगा।

जिलाध्यक्ष जीशान कुरैशी की अध्यक्षता में हुई बैठक में मंडल अध्यक्ष सुंदर सिंह कुशवाहा ने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत के बल पर पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव मजबूती से लड़ेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन विस्तार और जनसंपर्क अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। बैठक का संचालन जिला महासचिव मोहन सिंह कुशवाहा ने किया। इस दौरान जिला सलाहकार अनुरोध सिंह लौना, यूथ बिग्रेड जिलाध्यक्ष अमित सिंह मोनू, जिला कोषाध्यक्ष कृष्णपाल खितौली, डॉ. जगदीश बाबू, सरमन प्रधान, विधानसभा अध्यक्ष चंद्रभान सिंह कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश सलोनिया, विशाल कुशवाहा, सुरेंद्र पाल, रामकुमार सोनी, रविकांत कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# फिजूलखर्ची को रोकने में सामूहिक विवाहों की है अहम भूमिका - मूलचंद

## तीन नव युगल जोड़ों ने सातों जन्म साथ देने कसमें खाकर लिए फेरे

( यंग भारत न्यूज )



**माधौगढ़ ( जालौन )**सामूहिक विवाहों की अहम भूमिका है ऐसे आयोजन समाज को मुख्य धारा से जोड़ने का काम करते हैं तो वहीं दहेज जैसे दानव को हटाने में अग्रणी है यह बात क्षेत्रीय विधायक मूलचंद सिंह निरंजन ने आनंद विकास समिति के तत्वावधान में सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन में में कहीं उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाहों को लेकर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी काम कर रहे हैं उन्होंने भी बेटियों के विवाह का जिम्मा लिया है अतिविशिष्ट अतिथि शीतल सिंह सेंगर समाजसेवी ने कहा कि समाज को मुख्य धारा में जोड़ने के लिए विसंगतियों से दूर हटकर नई सोच को स्वीकारें वहीं सर्व समाज के हित में सभी लोग खड़े हो उन्होंने कहा कि समाज को कुरीतियों से दूर हटाकर मुख्य धारा में जोड़ने की जरूरत है वहीं सामूहिक विवाह सम्मेलन जैसे आयोजन फिजूलखर्ची ही नहीं दहेज जैसे पिशाच को मिटाने का काम करता है दैनिक आज टीम के वरिष्ठ पत्रकार रामनरेश द्विवेदी कुठौंदा एडवोकेट अखिलेश सविता वरिष्ठ पत्रकार तहसील ब्यूरो मोनू शर्मा पत्रकार ने संयुक्त रूप कहा कि सामूहिक विवाह एक पुनीत कार्य है इसमें सभी को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए वहीं समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के सार्थक प्रयास करने चाहिए उन्होंने कहा कि सभी पाल्यों को चाहिए कि अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाते हुए आगे बढ़ाने पर जोर दें सत्यम सिंह राजावत धीरज द्विवेदी अजीत बजाज ने कहा कि समाज को तरक्की के मार्ग पर लाने के शैक्षिक व्यवस्था ठीक कराने पर गौर करने की जरूरत है अरविंद सिंह सेंगर सदस्य जिला योजना समिति जालौन शैलेन्द्र दोहरे दिनेश बौद्ध जूली और माया ने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन अपव्यय को रोकने में सहायक है तो वहीं दहेज जैसे प्रथा को रूकावट मिलती है क्षेत्रीय विधायक मूलचंद सिंह निरंजन ने दैनिक आज परिवार के रिपोर्टर रामनरेश द्विवेदी कुठौंदा एडवोकेट अखिलेश सविता तहसील ब्यूरो मोनू शर्मा पत्रकार को सेहरा पहनाकर राधाकृष्ण का चित्र भेंटकर माल्यार्पण किया वहीं ग्रामीण पत्रकारिता की सराहना की इस मौके पर महेंद्र गौतम योगेन्द्र प्रजापति वेदप्रकाश सुमित कुमार तिवारी कपिल विनोद कुशवाहा समेत अन्य लोगों की मौजूदगी रही है कार्यक्रम का सफल संचालन एडवोकेट अखिलेश सविता ने किया आभार अरविंद कुमार सेंगर सदस्य जिला योजना समिति ने जताया

# करंट की चपेट में आने से मजदूर की मौत, परिवार में मचा कोहराम

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ।** आटा थाना क्षेत्र के बहदरी कला गांव में शुक्रवार रात करंट लगने से एक 42 वर्षीय मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान राजेश पुत्र (जानकारी अनुसार) के रूप में हुई है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार, राजेश मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। शुक्रवार रात करीब आठ बजे हल्की बारिश के दौरान वह किसी कार्य से घर के बाहर निकला। जैसे ही उसने लोहे का मुख्य गेट खोला, वह तेज करंट की चपेट में आ गया। बताया जा रहा है कि बिजली मीटर से जुड़ी क्षतिग्रस्त केबल का एक हिस्सा लोहे के गेट को छू रहा था, जिससे पूरे गेट में करंट प्रवाहित हो गया। करंट लगते ही राजेश गेट के पास गिर पड़ा। शोर सुनकर उसका पुत्र रोशन मौके पर पहुंचा। उसने सावधानी बरतते हुए क्षतिग्रस्त केबल को हटाया और पड़ोसियों की मदद से राजेश को तत्काल मेडिकल कॉलेज उरई पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर आटा थाना प्रभारी अजय सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक अपने पीछे पत्नी प्रभा, दो पुत्र रोशन व प्रेम तथा दो पुत्रियां शशि व पूनम को छोड़ गया है। परिवार के मुखिया की असमय मौत से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और पूरे गांव में मातम का माहौल है।

# जबरन पोर्न दिखाकर अप्राकृतिक कृत्य करता था पति, सहमी पत्नी ने पुलिस के सामने बयां की आपबीती

( यंग भारत न्यूज )

गुजरात के अहमदाबाद में एक महिला को ससुराल में ऐसी यातनाएं मिलीं, जो रोंगटे खड़े कर देने वाली हैं. महिला ने पति पर बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं, उसका कहना है कि पति उसे पोर्न दिखाता था.मारपीट करता था और अप्राकृतिक कृत्य करता था. पीड़िता ने महिला पुलिस स्टेशन में पति, सास और देवर के खिलाफ शिकायत की है.



ये पूरी कहानी शहर के शाहीबाग इलाके की है. पीड़ित महिला ने शिकायत में कहा है कि उसका पति उसे जबरन पोर्न फिल्में दिखाता था. विकृत तरीके से जबरन संबंध बनाता था. साथ ही, प्रेग्नेंसी के दौरान लात मारकर अबॉर्शन कराने का दबाव भी डालता था. ससुराल वालों द्वारा लगातार शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ना किया गया. जान से मारने की धमकी दी गई. इससे तंग आकर महिला अहमदाबाद महिला पुलिस स्टेशन में पहुंची और आपबीती सुनाई. महिला की शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. शिकायत के अनुसार, महिला की शादी साल 2011 में हुई थी, लेकिन शादी के 15 दिन बाद ही उसकी ससुराल में उसके साथ गलत व्यवहार शुरू हो गया. शादी के समय ससुराल वालों ने महिला से यह बात छिपाई थी कि पति की पहले भी शादी हो चुकी थी और उसका एक बच्चा भी है. शादी के तुरंत बाद सास और देवर ने दहेज को लेकर ताने मारने शुरू कर दिए थे. महिला के प्रेग्नेंट होने के बावजूद उसे पर्याप्त आराम नहीं करने दिया गया. घर के भारी-भरकम काम कराए जाते थे. बेटी के जन्म के बाद भी पति का दुर्व्यवहार कम नहीं हुआ. पति अक्सर देर रात घर आता, पार्टियों में जाता और पत्नी की इच्छा के बिना उससे जबरन संबंध बनाता था. अगर पत्नी बीमार होती, तो भी उसे उत्तेजना बढ़ाने वाली दवाएं देकर संबंध बनाने के लिए मजबूर किया जाता और मना करने पर बुरी तरह पीटा जाता था. कुछ समय बाद जब पत्नी दोबारा प्रेग्नेंट हुई, तो पति ने अबॉर्शन कराने का दबाव डाला और धमकी दी कि अगर उसने बात नहीं मानी तो वह तलाक दे देगा. इन सब बातों से तंग आकर पत्नी मायके चली गई, लेकिन पति वहां पहुंच गया और उसे जबरदस्ती ससुराल ले आया. सास और देवर भी लगातार ताने मारते थे कि तुम हमारे बेटे को पसंद नहीं हो, तुम्हें तो बस समाज की वजह से रखना पड़ रहा है. तुमने हमारा घर बर्बाद कर दिया. तुम तलाक लेकर अलग हो जाओ. पत्नी ने आधी रात को अपने पति को दूसरे देशों की युवतियों के साथ वीडियो कॉल पर बात करते हुए पकड़ा था. पति उसे उन युवतियों के साथ के आपत्तिजनक वीडियो दिखाकर उसी तरह संबंध बनाने के लिए मजबूर करता था. तीसरी बेटी को जन्म देने के बाद भी ससुराल वालों का रवैया नहीं बदला. जब पत्नी ने पति के अफेयर की बात सास को बताई, तो सास भड़क गईं और झगड़ा करके पत्नी को घर से निकाल दिया. पांच महीने मायके में रहने के बाद जब वह वापस आई, तब भी पति ने अश्लील वीडियो दिखाकर अप्राकृतिक संबंध बनाने का दबाव डाला. फिर महिला और उसकी तीनों बेटियों को दूसरे घर पर भेज दिया और पति अलग रहने लगा. पति ने पत्नी को गंभीर धमकियां दीं. उसने कहा कि अगर तुमने हमारे खिलाफ कोई अर्जी या शिकायत की तो जान से मार देंगे. फिलहाल पीड़िता ने महिला पुलिस स्टेशन में शिकायत की है. पुलिस ने पीड़िता की आपबीती सुनने के बाद ससुराल वालों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है.

# 'आंखें बंद करो तुमको गिफ्ट देना है', फिर पीछे से किया हमला, नाबालिग ने की हत्या, युवती करना चाहती थी उससे शादी

( यंग भारत न्यूज )

छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में 22 जून को हुई हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। नाबागिल छात्र ने युवती की हत्या की थी। युवती, नाबालिग छात्र युवती से शादी करना चाहता था लेकिन नाबिलग के इंकार कर दिया था। जिस कारण से दोनों के बीच अनबन थी। इसी बात को लेकर नाबालिग छात्र ने उसकी हत्या कर दी। मामला खल्लारी थाना क्षेत्र के रामखेड़ा झारा के टेड़ी नाला के पास का है।



दरअसल, टेड़ी नाला के पास रेत में दबी मिली युवती की लाश मिली थी। पुलिस ने इस मामले में एक नाबालिग युवक को हिरासत में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले को लेकर महासमुंद की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) प्रतिभा पांडेय ने बताया कि 22 जून को खल्लारी पुलिस को ग्रामीणों से जानकारी मिली थी कि रामखेड़ा झारा टेड़ी नाला के पास एक युवती की लाश रेत में दबी है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो शव के पास में ही एक पर्स और चप्पल के साथ बाल के गुच्छे बरामद किए। वहीं, शव आधी रेत में दबा हुआ था और सिर पर चोट के निशान थे। पुलिस की फोरेंसिक टीम ने घटना की सूक्ष्मता से जांच शुरू की। जांच से पता चला कि युवती की मौत सिर पर भारी चीज से चोट लगने और बहुत ज्यादा खून बहने के कारण हुई थी। मृतक युवती की पहचान झारा निवासी भारती टंडन के रूप में हुई। जांच में पता चला कि युवती की साथ में ही पढ़ने वाले एक नाबालिग से दोस्ती थी। युवती नाबालिग से शादी करना चाहती थी। इसी मुद्दे को लेकर नाबालिग और युवती में अनबन हुई थी। घटना वाले दिन नाबालिग ने युवती को मिलने के लिए मोबाइल कॉल करके बुलाया और गिफ्ट देने के लिए आंख बंद करने को कहा। जब युवती ने आंख बंद की तो नाबालिग ने पत्थर से युवती के सिर पर वार कर दिया, जिससे युवती की मौत हो गई। उसके बाद नाबालिग ने युवती के शव को उसी जगह रेत में दबा दिया और पर्स व चप्पल को वही आसपास फेंक दिया। इसी के साथ पत्थर को धोकर छुपा दिया। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नाबालिग की निशानदेही पर पत्थर आदि सामान जब्त कर लिए हैं। इसी के साथ हत्या की धाराओं में मामला दर्ज कर पुलिस की ओर से आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# यूपी पुलिस ने एक लाख के इनामी बदमाश का एनकाउंटर किया

( यंग भारत न्यूज )

प्रदेश पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। लखनऊ शाखा की पुलिस ने एक ईनामी बदमाश का एनकाउंटर कर दिया। जानकारी के अनुसार, इस आरोपी पर एक लाख रुपये का इनाम था और वह बिल्डर संदीप सिंह हत्याकांड में मुख्य शूटर के रूप में शामिल था। पुलिस काफी समय से उसकी तलाश कर रही थी।




पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह मुठभेड़ इंदिरा कैनाल रोड पर हुई। इस दौरान, कुख्यात अपराधी संजय उर्फ संजीव पुलिस की गोली लगने से मारा गया। अपर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम अपराधियों की तलाश में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान, इंदिरा कैनाल रोड पर पुलिस और संजीव के बीच आमना-सामना हो गया। खुद को घिरा देख, संजीव ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली उसे लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मारा गया अपराधी संजय उर्फ संजीव, जो हरीराम का पुत्र है, अम्बेडकरनगर जनपद के थाना अहिरौली के ग्राम चक कोदार का निवासी था। वह 27 मई 2026 को लखनऊ के पीजीआई थाना क्षेत्र में हुए चर्चित बिल्डर संदीप सिंह हत्याकांड का मुख्य शूटर था। उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस आयुक्त, लखनऊ द्वारा एक लाख रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था।

# नाम बदला, धर्म छिपाया और रचाई शादी: जबलपुर में 2 साल बाद सामने आया नकली 'राजकुमार' का असली चेहरा!

( यंग भारत न्यूज )

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जबलपुर में लव जिहाद का मामला सामने आया है, जहां पहचान छिपाकर हिंदू युवती से शादी करने के आरोप लगे हैं। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी सैयद ईशाक इसरार को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।



पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने अपना नाम राजकुमार बताकर दो साल पहले गायत्री मंदिर में हिंदू रीति-रिवाज से शादी की थी। दोनों एक डेंटल क्लीनिक में साथ काम करते थे। युवती का कहना है कि शादी के करीब दो साल बाद उसे पता चला कि आरोपी मुस्लिम समाज से है और उसने अपनी असली पहचान छिपाई थी।युवती ने यह भी आरोप लगाया है कि आरोपी का किसी अन्य युवती से भी प्रेम संबंध था। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया। जांच के दौरान उसके पास से विदेशी मुद्रा मिलने की भी जानकारी सामने आई है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि आरोपी ने कथित तौर पर राजकुमार नाम से आधार कार्ड कैसे बनवाया। इधर, मामले की जानकारी मिलते ही विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता डेंटल स्क्वायर क्लीनिक पहुंचे और जमकर हंगामा किया। संगठन के कार्यकर्ताओं ने आरोपी पर कई हिंदू युवतियों को झूठी पहचान बताकर संबंध बनाने और शादी करने के आरोप लगाए। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और डेंटल क्लीनिक प्रबंधन की भूमिका की भी जांच की मांग की है। फिलहाल पुलिस सभी आरोपों की जांच कर रही है।

# रात के अंधेरे में शादीशुदा महिला से मिलने आया था प्रेमी, कमरे के अंदर से आने लगी अजीब आवाजें; फिर जो हुआ.

( यंग भारत न्यूज )

राजस्थान के बाड़मेर जिले से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है. जहां बाड़मेर जिले के ग्रामीण थाना क्षेत्र के दरुड़ा गांव में देर रात संदिग्ध हालात में एक युवक की मौत हो गई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया.शुरुआती जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान सांवलोर निवासी मुकनाराम भील के बेटे मांगीलाल के तौर पर हुई है.



मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. पुलिस सूत्रों और शुरुआती पूछताछ से पता चला है कि मृतक का कथित तौर पर दरुड़ा गांव की एक शादीशुदा महिला के साथ प्रेम संबंध था. जानकारी सामने आ रही है कि मांगीलाल देर रात कुछ साथियों के साथ महिला के घर पहुंचा था. इस दौरान महिला के ससुराल वालों ने उन्हें देख लिया और मौके पर ही पकड़ लिया. इसके बाद विवाद बढ़ने की आशंका जताई जा रही है. आरोप है कि पकड़े जाने के बाद युवक की काफी बेरहमी से पिटाई की गई, जिसकी वजह से उसकी मौके पर ही मौत हो गई. हालांकि, तनावपूर्ण स्थिति के बीच महिला वहां से निकलने में कामयाब रही. हालांकि, पुलिस इस घटना की विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है और किसी निष्कर्ष में नहीं पहुंची है. यह भी पढ़ें - केतन को किले से धक्का देने के बाद चिल्लाने लगी थी सिया, गार्ड ने खोले 'कातिल हसीना' के राज़ घटना की सूचना मिलने के बाद ग्रामीण थाना अधिकारी विक्रम सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे. इसके बाद एफएसएल और मोबाइल यूनिट की टीमों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और अहम सबूत जुटाए. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी में भेज दिया है. मारपीट के आरोपों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ शुरू कर दी है. इस पूरे मामले पर अधिकारियों का बयान सामने आया है. जिसमें उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि परिवार की शिकायत और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई तय की जाएगी. घटना की सच्चाई का पता लगाने के लिए फिलहाल हर संभव पहलू से मामले की जांच की जा रही है.

# तुम्हारे जैसे 1000 पति रख सकती हूं, कोर्ट ने पत्नी की टिप्पणी को बताया उकसाने वाला; घटाई पति की सजा

( यंग भारत न्यूज )

हाई कोर्ट ने पत्नी की हत्या मामले में पति की सजा कम कर दी है। कोर्ट ने अपने पति पर पत्नी की इस टिप्पणी, कि तुम्हारे जैसे 1000 पति रख सकती हूं को उकसावा माना है। इस केस में पति ने तैश में आकर अपनी पत्नी की हत्या कर दी थी।



ट्रायल कोर्ट ने मामले में पति को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। अब हाई कोर्ट ने इस सजा को बदलकर सात साल के सश्रम कारावास में तब्दील कर दिया है। जस्टिस विवेक अग्रवाल और जस्टिस अननिंद्र कुमार सिंह की बेंच ने इस तरह की टिप्पणी, दिखाती है कि पति की कोई वैल्यू नहीं है। यह न सिर्फ पति बल्कि उसके इंसानी अस्तित्व के लिए भी खतरा है। ऐसी टिप्पणी सुनकर पति ने आपा खो दिया और घटना को अंजाम दिया। यह मामला, मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिला स्थित चौरई का है। यहां पर 18-19 जुलाई की रात शिवा और उसकी पत्नी किरण के बीच झगड़ा हुआ। यह झगड़ा कुलबहेरी नदी के खर्रा घाट के पास हुआ। आरोप के मुताबिक झगड़े के दौरान किरण ने अपने पति पर कटाक्ष करते हुए कहाकि तुम्हारे जैसे 1000 पति रख सकती हूं। इसके बाद शिवा ने गुस्से में पत्थर उठाकर अपनी पत्नी के ऊपर दे मारा और उसकी मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक बाद में शिवा ने फोन करके पुलिस और पत्नी के परिजनों को घटना के बारे में पूरी जानकारी दी। शिवा की तरफ से पेश वकील ने पक्ष रखते हुए कहाकि शिवा के खिलाफ भरोसे लायक सबूत नहीं हैं। इसके अलावा, साक्ष्यों में विरोधाभास भी है। इस आधार पर उसने ट्रायल कोर्ट का फैसला रद्द करने की मांग उठाई थी। हाई कोर्ट में मामले की सुनवाई के दौरान डिवीजन बेंच ने माना कि शिवा ने अपनी पत्नी को चोट पहुंचाई और इससे उसकी मौत हुई। हालांकि कोर्ट ने यह भी कहाकि यह घटना अचानक झगड़े के चलते हुई। कहीं से भी यह सिद्ध नहीं होता कि आरोपी हत्या की योजना बनाकर वहां पहुंचा था। इसके अलावा कोर्ट ने इस बात पर भी गौर किया कि घटना के तुरंत बाद आरोपी ने पुलिस और अपनी पत्नी के रिश्तेदारों को फोन करके इसकी जानकारी दी थी। इसके अलावा कोर्ट ने पत्नी की टिप्पणी को गंभीर और अचानक उकसावे वाला मामला बताया। जस्टिस विवेक अग्रवाल और जस्टिस अननिंद्र कुमार सिंह की बेंच ने मामले में यह भी कहाकि अगर आरोपी अपनी पत्नी की हत्या के इरादे से वहां गया होता तो वह घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो जाता।

वह इसके बारे में पुलिस या पत्नी के रिश्तेदारों को जानकारी नहीं देता। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का भी उल्लेख किया, जिसके मुताबिक अगर कोई शख्स अचानक उकसावे के चलते खुद पर से नियंत्रण खो देता है तो अपराध का आंकलन उसी आधार पर होना चाहिए। अदालत ने यह भी कहाकि यह साबित नहीं होता कि आरोपी ने बार-बार पत्नी के ऊपर पत्थर से हमला किया। कुछ चोटें घटनास्थल पर मौजूद पत्थरों पर गिरने के चलते भी लग सकती हैं।

# कासगंज में डूबते भाई को सुरक्षित बाहर निकाला, पर खुद को नहीं बचा सकीं दो सगी बहनें

( यंग भारत न्यूज )

**गंजडुंडवारा, ( कासगंज )।** निर्जला एकादशी पर गुरुवार को गंगा स्नान के दौरान भाई की जान बचाने के प्रयास में दो सगी बहनों की मौत हो गई। गहरे पानी में डूब रहे भाई को दोनों बहनों ने सुरक्षित बाहर निकाल दिया, लेकिन स्वयं गहराई से बाहर नहीं निकल सकीं और गंगा में समा गईं।

थाना सुन्नगढ़ी क्षेत्र के गांव मुजफ्फरनगर निवासी इंद्रपाल कश्यप के तीन बच्चे 16 वर्षीय सलोनी, 14 वर्षीय कोमल और 12 वर्षीय शिवनेश गुरुवार सुबह ग्रामीणों के साथ गंगा स्नान के लिए गए थे। स्नान के दौरान शिवनेश अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। भाई को संकट में देख दोनों बहनें उसे बचाने के लिए तुरंत पानी में कूद पड़ीं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों बहनों ने साहस का परिचय देते हुए शिवनेश को गहरे पानी से निकालकर कम पानी वाले हिस्से तक पहुंचा दिया, जहां वह सुरक्षित हो गया। हालांकि इस दौरान सलोनी और कोमल स्वयं गहरे पानी में फंस गईं। काफी प्रयास के बावजूद वे बाहर नहीं निकल सकीं और डूब गईं। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों और ग्रामीणों ने दोनों बहनों की तलाश शुरू की। काफी मशक्कत के बाद कोमल को पानी से बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहावर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं बड़ी बहन सलोनी की तलाश जारी रही। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी पवन कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों, प्रशासन और राहत दल की मदद से करीब साढ़े बारह बजे सलोनी का शव भी गंगा से बरामद कर लिया गया। बाद में एसडीएम, मजिस्ट्रेट और एनडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई कराई। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक बहनों के पिता इंद्रपाल कश्यप गांव के प्राथमिक विद्यालय में शिक्षामित्र हैं।





स्वजन के अनुसार सलोनी जीएनएम की तैयारी कर रही थी, जबकि कोमल ने हाल ही में हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। एक ही परिवार की दो बेटियों की असमय मौत से गांव में मातम है। स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना सुन्नगढी क्षेत्र के गांव मुजफ्फरनगर में इंद्रपाल कश्यप के तीन बच्चे सलोनी, शिवनेश और कोमल ये तीनों नदी में नहाते समय डूब गए। स्थानीय लोगों ने शिवनेश को बचा लिया गया। जबकि सलोनी और कोमल लापता हो गए। जिन्हें स्थानीय गोताखोरों ने मृत अवस्था में बाहर निकाला। पंचनामा की कार्रवाई पूर्ण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

# उत्कृष्ट वृक्षारोपण कार्य करने वाले विभाग होंगे सम्मानित : जिलाधिकारी

- जनपद में मियांवाकी पद्धति से होगा वृक्षारोपण, तैयारी के दिए निर्देश
- जनपद में विशेष वाटिका 'मिशन छाया' सहित कपि वन, युवा वन, वंदेमातरम वाटिका, पोषण वाटिका का भी होगा रोपण
- ग्रामीण क्षेत्र में युवक मंगल दल की सहभागिता सुनिश्चित की जाए:- जिलाधिकारी
- जनपद में 01 करोड़ 02 लाख से अधिक पौधों का होगा रोपण, सभी विभाग कार्ययोजना के अनुसार तैयारियाँ पूर्ण करें:- जिलाधिकारी



( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** आज कलेक्ट्रेट नवीन सभागार में जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरणीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में शासन स्तर से जनपद में 01 करोड़ 02 लाख से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग, स्थानीय निकाय, आवास विकास, लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, परिवहन एवं रक्षा विभाग, पुलिस एवं स्थानीय नगर निकाय को अपने लक्ष्य के पूर्ति के लिए मियावाकी पद्धति से वृक्षारोपण कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि शासन द्वारा आवंटित लक्ष्य में किसी भी प्रकार से कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी गौरांग राठी ने कहा कि नगर निकायों में यदि वृक्षारोपण हेतु पर्याप्त स्थान उपलब्ध नहीं है, तो एसओपी बनाते हुए वहाँ बायोफेंसिंग कराएं ताकि वृक्षारोपण के साथ-साथ ग्राम सभा की भूमि को संरक्षित किया जा सके। उन्होने ग्राम सभा की भूमिका चिह्नित करते हुए माइक्रोप्लान बनाए जाने के निर्देश दिए ताकि मियावाकी पद्धति द्वारा वृहद वृक्षारोपण कराया जा सकता है। उन्होंने विशेष रूप से खनन क्षेत्र के पट्टाधारकों को क्षेत्र में मियावाकी पद्धति से वृक्षारोपण कराए जाने के निर्देश दिए। जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक में अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने विशेष वाटिका 'मिशन छाया' के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग को सड़क किनारे वृक्षारोपण कराए जाने के साथ ही प्रधानों द्वारा भी सड़क के आसपास वृक्षारोपण कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों को भी पौधा उपलब्ध कराते हुए चकरोडों पर वृक्षारोपण कराए जाने का सुझाव दिया ताकि पौध जीवित रहे। उन्होंने अमृत सरोवर के किनारे एवं ग्राम सभाओं में वृक्षारोपण कराए जाने के अतिरिक्त बायोफैन्सिंग पर जोर दिया। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने कहा कि वृक्षारोपण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभागों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में युवक मंगलदल की सहभागिता भी सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए। जनपद में पोषण वाटिका,वन्दे मातरम् वाटिका, युवा वन, कपि वन पर विस्तृत चर्चा करते हुए अभी से तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कपी वन में आम,जामुन सहित अन्य फलदार वृक्ष लगाए जाने का सुझाव दिया। पोषण वाटिका में सहजन की पौध लगाये जाने के निर्देश दिए। जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी ने कहा कि जनपद में 67 गोशालाओं का अनुबंध हो गया है। वहाँ भी वृक्षारोपण कराया जाना सुनिश्चित किया जाए इसके अतिरिक्त, गौशाला की भूमि पर भी बायोफेंसिंग के माध्यम से वृक्षारोपण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पेड़ों को सुरक्षित रखने के लिए गड्ढों में गोबर खाद एवं उर्वरक का प्रयोग अवश्य किया जाए। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने वृक्षारोपण जन अभियान 2026 को सफल बनाने के लिए निर्देश देते हुए कहा कि वृक्षारोपण हेतु वनविभाग की पौधशालाओं से पौध ढुलान करते समय सावधानी बरती जाए। जिससे पौधों के लाने ले जाने में कोई क्षति न हो, उन्होंने पौध ढुलान हेतु आवश्यक संसाधन की पूर्ण व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। पौधों की सफलता सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने रोपित पौधों की सिंचाई एवं सुरक्षा की पूर्ण व्यवस्था के साथ ही पौधों की पर्याप्त निराई-गुड़ाई सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में उप प्रभागीय वनाधिकारी श्री संतोष कुमार ने बताया कि वन विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष पर्याप्त पौधों की उपलब्धता पौधशालाओं में कर ली गई है। जिसमें 83 विभिन्न प्रजातियों की नई पौध उगान हेतु पौधशाला में तैयार कर ली गई हैं। उन्होंने वन विभाग द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष सारी तैयारियों की जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्रीमती पल्लवी मिश्रा, अपर नगर आयुक्त श्रीमती रोली गुप्ता , एसीएमओ डॉ0 अंशुमान तिवारी, एआरटीओ एस के अग्रवाल, डीसी मनरेगा शिखर कुमार श्रीवास्तव, डीएसओ, सुश्री सौम्या अग्रवाल, आयुष रवींद्र भारती,सहित उद्यान विभाग, नगर विकास,विद्युत विभाग, सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देशन पर हुई सख्त कार्रवाई

**-अनधिकृत पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन सीज, स्वास्थ्य विभाग व प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई**

**-मौके पर बरामद हुए पोर्टेबल मशीन सहित दो मोबाइल फोन, एक कैमरे का डीवीआर, मोबाइल चार्जर एडॉप्टर**

( यंग भारत न्यूज )

**झाँसी।** जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देशानुसार नगर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग एवं प्रशासन की संयुक्त टीम ने मेडिकल कॉलेज के सामने करगुवांजी मंदिर के पास स्थित एक मकान में किराये के कमरे में संचालित अवैध अल्ट्रासाउंड गतिविधियों के विरुद्ध कार्रवाई की।

निरीक्षण के दौरान टीम को सूचना मिली कि कुछ लोग बिना वैध अनुमति के पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन से अवैध रूप से अल्ट्रासाउंड कर रहे हैं। सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुँची तथा दूरभाष के माध्यम से नगर मजिस्ट्रेट एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी को अवगत कराया गया। दोनों अधिकारियों के अनुमोदन के बाद तत्काल विधिक कार्रवाई प्रारंभ की गई।



मौके पर कमरे में दो व्यक्ति बैठे मिले तथा पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन चालू अवस्था में पाई गई। टीम को देखकर दोनों व्यक्ति मौके से भाग निकले, जिसकी वीडियो रिकॉर्डिंग कर ली गई। इसके बाद नगर मजिस्ट्रेट की अनुमति से सीजिंग की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान एक पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन, दो मोबाइल फोन, एक कैमरे का डीवीआर, दो मोबाइल चार्जर तथा एक एडाप्टर बरामद कर सीज किया गया। सीज किया गया समस्त सामान नगर मजिस्ट्रेट एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी की उपस्थिति में नोडल अधिकारी/उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अभिरक्षा में सुरक्षित रखवा दिया गया है। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई प्रचलित है। जांच में पाया गया कि संबंधित मशीन मकान संख्या-122, पावागिरी शिक्षण संस्थान, करगुवांजी मंदिर के पास स्थित भवन में रखी गई थी। उक्त मकान के स्वामी सौरभ कुमार जैन, पुत्र श्री भरत चन्द्र जैन, निवासी बड़ा बाजार, झाँसी हैं। निरीक्षण के दौरान भवन के ऊपरी हिस्से में मेडिकल संबंधी व्यवसाय संचालित होता पाया गया, जबकि भवन के एक भाग में मकान मालिक द्वारा पेंट की दुकान संचालित की जा रही थी। मकान मालिक ने बताया कि संबंधित कमरा प्रिंकित नामक व्यक्ति को किराये पर दिया गया था। सीजिंग की पूरी कार्रवाई सौरभ कुमार जैन एवं विशाल कुशवाहा की उपस्थिति में संपन्न कराई गई। प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा मामले की विस्तृत जांच जारी है तथा नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# आईसीएआई झांसी शाखा द्वारा आयोजित MSME महोत्सव

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की झांसी शाखा द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (MSME) को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 'आईसीएआई MSME महोत्सव 2026' का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में उद्योग, बैंकिंग, कर प्रशासन एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एक मंच पर एकत्रित हुए तथा उद्यमियों को सरकारी योजनाओं, बैंकिंग सुविधाओं, कर अनुपालन एवं वित्तीय प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।कार्यक्रम का शुभारंभ सदस्य विधान परिषद रामतीर्थ सिंघल (मुख्य अतिथि) एवं सदस्य विधान परिषद श्रीमती रमा निरंजन (विशिष्ट अतिथि) द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आईसीएआई झांसी शाखा के अध्यक्ष सीए सीएमए जयंत मणि जैन ने की।अपने स्वागत उद्बोधन में सीए सीएमए जयंत मणि जैन ने कहा कि MSME क्षेत्र भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है तथा चार्टर्ड अकाउंटेंट्स उद्योगों को केवल कर एवं लेखांकन सेवाएँ ही नहीं, बल्कि वित्तीय संरचना, रणनीतिक निर्णय, अनुपालन एवं सतत विकास के माध्यम से नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।कार्यक्रम के तकनीकी सत्रों में सीए विदित सेठ ने नवीन श्रम कानूनों एवं उनके MSME पर प्रभाव की विस्तृत जानकारी दी। AU Small Finance Bank द्वारा MSME के लिए उपलब्ध विभिन्न वित्तीय एवं ऋण योजनाओं का प्रस्तुतीकरण किया गया। उत्तर प्रदेश GST विभाग के अपर आयुक्त डी.के. सचान ने 'GST एवं राजस्व संग्रह में MSME की भूमिका' विषय पर उद्यमियों को संबोधित करते हुए कहा कि मजबूत अनुपालन व्यवस्था ही विकसित अर्थव्यवस्था की आधारशिला है तथा स्वस्थ भारत के कर संग्रह एवं आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केंद्र (DIC) के MSME प्रतिनिधि दिनेश सिंह ने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न MSME योजनाओं, उद्यम पंजीकरण, प्रोत्साहन योजनाओं एवं सरकारी सहायता कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए उद्यमियों से इनका अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया। सीए अंचित अग्रवाल ने MSME की वित्तीय संरचना एवं विकास में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की भूमिका पर प्रकाश डाला। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्रतिनिधि द्वारा बैंक की MSME योजनाओं की जानकारी दी गई, वहीं NABARD के जिला विकास प्रबंधक श्री गौरव के. राघव ने ग्रामीण एवं कृषि आधारित उद्योगों के लिए उपलब्ध NABARD की विभिन्न योजनाओं का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष एवं CAIT के उपाध्यक्ष संजय पटवारी ने कहा कि यदि भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है तो MSME क्षेत्र को और अधिक सशक्त बनाना होगा। लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष राजीव बब्बर ने स्थानीय उद्योगों को राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। बुन्देलखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष श्री धीरज खुल्लर ने उद्योग, बैंकिंग एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के मध्य समन्वय को आर्थिक विकास का महत्वपूर्ण आधार बताया।मुख्य अतिथि रामतीर्थ सिंघल ने कहा कि सरकार MSME क्षेत्र को आत्मनिर्भर भारत अभियान का प्रमुख आधार मानते हुए निरंतर नई योजनाएँ लागू कर रही है तथा उद्यमियों को इनका अधिकतम लाभ उठाना चाहिए। विशिष्ट अतिथि श्रीमती रमा निरंजन ने महिला उद्यमिता एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की भूमिका की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान निःशुल्क आयकर रिटर्न फाइलिंग एवं MSME पंजीकरण सहायता शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें सीए दानिश अहमद, सीए हिमांशु श्रीवास्तव, सीए आदर्श गुप्ता एवं सीए नित्या जैन ने अपनी निःशुल्क सेवाएँ प्रदान करते हुए अनेक उद्यमियों एवं नागरिकों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर आईसीएआई के पूर्व अध्यक्ष सीए गौरव गुप्ता, सीए अनिल अरोड़ा एवं सीए रचित अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। उद्योग एवं व्यापार जगत से पवन सरावगी (उपाध्यक्ष, बुन्देलखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री), सीए शिवा लिखधारी (पूर्व अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष - सर्विस, BCCI), श्री कृष्णवीर यादव (उपायुक्त, उत्तर प्रदेश GST), दिलीप अग्रवाल, जय किशन प्रेमानी, विशाल राय, अर्पित सेठ, विवेक बाजपेयी, पवित्र खन्ना, कपिल कोहली, सीए जे.पी. गुप्ता, सीए हर्ष अग्रवाल, सीए मनोज बादल, विक्रांत सेठ, विवेक जैन, श्री सौरभ गेड़ा एवं विजय गुप्ता सहित बड़ी संख्या में उद्योगपति, व्यापारी, बैंक अधिकारी, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एवं उद्यमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रभावशाली संचालन सीए श्वेता अग्रवाल ने किया। अंत में आईसीएआई झांसी शाखा के उपाध्यक्ष सीए गौरव अग्रवाल ने सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि झांसी शाखा भविष्य में भी MSME क्षेत्र के समग्र विकास, वित्तीय सशक्तिकरण एवं उद्यमिता को प्रोत्साहित करने हेतु ऐसे जनोपयोगी कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर करती है।

# प्रेमी युगल को साथ रहने की हाईकोर्ट ने दी अनुमति, लेकिन मायके पक्ष के लोग कर रहे प्रताड़ित

झांसी। अपनी मर्जी से प्रेम विवाह करने वाले युवती ओर युवक को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने साथ रहने की अनुमति प्रदान कर दी है। इसके बावजूद भी युवती के मायके पक्ष के लोग प्रेमी युगल को लगातार डरा धमका रहे जिसके चलते दोनों को जान का खतरा हुआ है। पीड़ित प्रेमी युगल ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। बबीना निवासी दीपा गुर्जर पुत्री अशोक गुर्जर ने एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह मूलत: मध्य प्रदेश जिला शिवपुरी भीतरवार की निवासी है, उसने अपनी मर्जी से ग्वालियर के जबेरा निवासी अभिषेक गुर्जर से प्रेम विवाह किया था और दोनों ने ग्वालियर हाईकोर्ट में सुरक्षा के लिए याचिका दाखिल की थी। जिस पर हाईकोर्ट ने मध्यप्रदेश पुलिस को निर्देशित किया था कि दोनों का विवाह वैध है ओर वह एक दूसरे के साथ रह सकते है साथ ही इन्हें सुरक्षा प्रदान की जाए। जिसके बाद दीपा ओर बृजेश बबीना के एक गांव में रहने लगे। आज दोनों ने शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया है कि दीपा के मायके पक्ष के लोग बबीना उनके घर आकर उन्हें लगातार प्रताड़ित कर डरा धमका रहे। दोनों की हत्या कर देने की धमकी दे रहे है। इस संबंध में बबीना थाना पुलिस से शिकायत भी की गई लेकिन पुलिस कार्यवाही नहीं कर रही है। उन्होंने एसएसपी झांसी से न्याय की गुहार लगाई है। साथ ही एसपी ग्वालियर व एसपी शिवपुरी से भी न्याय की

# कैट एवं उ. प्र. महिला व्यापार मंडल द्वारा पूजा, आरती, भजन संध्या कर भंडारे का आयोजन किया गया

**झांसी ।** उ.प्र.महिला व्यापार मंडल महानगर शाखा द्वारा द्वादशी के पावन अवसर पर सिद्धेश्वर मंदिर प्रांगण में भगवान शिव को समर्पित पूजा, आरती, भजन कर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर समाज की सुख-समृद्धि, शांति एवं जनकल्याण की कामना की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एमएलसी श्रीमती रमा निरंजन रही, तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में झांसी ,जिला अध्यक्ष श्री सुधीर सिंह, धर्मगुरु श्री हरिओम पाठक जी, उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष श्री संजय पटवारी जी, सिद्धेश्वर मंदिर के पंडित श्री राजीव पाठक जी तथा इनर व्हील की अध्यक्ष किरन कामरा एवं महामंत्री वर्षा राय जी उपस्थित रहे और कार्यक्रम की सराहना की। महिला व्यापार मंडल की महानगर अध्यक्ष माला मेहरोत्रा ने सभी अतिथियों एवं श्रद्धालुओं का स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर संजना पटवारी,अनीता मालवीय, संगीता सेन, नीलू साहू, सीमा दुबे,शोभा निगम,मधु झा, किरण लता,अंजू सेन, दीपा श्रीवास्तव, ऋतु पांडेय एवं आस्था शुक्ला उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में कीर्ति सक्सेना ने आभार व्यक्त किया।



# इस जग में जितने जुल्म नहीं उतने सहने की ताकत हैं।

तानों के भी शोर में रहकर सच कहने की आदत हैं।

मैं सागर से भी गहरा हूं तुम कितने कंकड़ फेकोंगे।

चुन चुन कर आगे बढ़ूंगा मैं ,तुम मुझको कब तक रोकोगे।

ये पंक्तियां श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महसचिव चंपत राय जी के व्यक्तित्व को पूर्णत चरितार्थ करती है। इस आरोप-प्रत्यारोप के विभीत्स माहौल में भी प्रभु श्रीराम के काज को उसी निर्भीकता, निडरता और प्रमाणिकता से ध्वजारोहण के कार्यक्रम का स्वयं संचालन कर प्रभु श्रीराम के अयोध्या मंदिर में दिव्यता के साथ आयोजित किया। ध्वजारोहण के कार्यक्रम में प्रमुख संतों की उपस्थिति ही संतों के चंपत जी के प्रति अटूट विश्वास को परिलक्षित करती हैं। वास्तव में कथित लोकप्रियता के लिए जिस आरोप-प्रत्यारोप का दौर चल रहा हैं उसमें महान से महान व्यक्तित्व विचलित हो जाए पर चंपत जी पर भगवान राम की विशेष कृपा हैं जो उनके आचरण की पवित्रता और चरित्र की मर्यादा को उनके आराध्य की तरह पुण्य पवित्र रखती हैं। कथित षड़यंत्रकारी दानदाताओं के बीच उन्होंनें अपने सागर जैसे गहराई के आचरण के साक्षात दर्शन करायें। जहां उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जो कभी श्रीराम जन्मभूमि मंदिर नही गए और उन्ही के पूर्वजो ने रामभक्तों पर गोलियां चलवाई जिसमें अनेकों रामभक्त राम को प्यारे हो गए। आज वे ही कथित आरोप लग रहे हैं की काक भूसुंडी गायब हो गई और सोशल मीडिया में पोस्ट कर रहे हैं अखिलेश यादव की लुप्त काक भूसुंडी यकायक प्रभु राम की कृपा से कारसेवक पुरम में पूजित रूप में प्रकट हो गई । वह तो धन्य हो प्रभु का नहीं तो यह लोग यह भी आरोप लगा सकते हैं की उक्त संख्या की राशि हमने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में दान किए गए थे उक्त संख्या के नोट कहां हैं ? और कहां व्यय किए गए ? कहीं वो तो चोरी नहीं हो गए ? यह एक हिंदू समाज के साथ बड़ा राजनीतिक षड्यंत्र है जिसको लेकर हिंदू समाज को संवेदनशील व जागृत रहना पड़ेगा। अन्य धर्म पंथों के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर भी समय-समय पर यौनाचार, वित्तीय घपले के विषय प्रामाणिक रूप से आते रहे हैं पर उन्होंने कभी जड़े खोदने का काम नहीं किया और संपादकों, पत्रकारों ने भी निष्कर्ष निकालकर अपना निर्णय नहीं दिया जबकि यहां तो एक भी ऐसा तत्व प्रकाश में नहीं आया जिसमें चंपत जी की संलिप्तता हो। उनकी निष्ठा, समर्पण प्रभु राम के प्रति अगाध है। उन्होंने उच्च पद पर भी रहकर बड़ी निम्न सुविधाओं में जीवन को परिष्कृत किया है वह इस अग्नि परीक्षा में और भी परिष्कृत होकर निकलेंगे । तुम हालातो की भट्टी में जब-जब भी झोंकोगे तप तप कर सोना बनूंगा मैं तुम मुझको कब तक रोकोगे। हम सभी को स्मरण रखना चाहिए कि किसी भी व्यक्ति के बारे में अंतिम निर्णय तथ्यों,न्याय और सत्य के आधार पर होना चाहिए यदि किसी के प्रति दुराग्रह है तो भी भाषा की मर्यादा और आचरण में सम्मान बना रहना चाहिए ।सत्य अंतत: स्वयं प्रकाशित होता है। एक छोटा सा प्रसंग जो मेरे समक्ष ही घटित हुआ वह मीडिया और सोशल मीडिया के बंधुओं को उनकी उदारता, सहदयता विनम्रता का अनुपम आलोक करायेगा घटना लगभग 4 से 5 वर्ष पूर्व की रही होगी किसी मीडिया कर्मी ने अति उत्साह में उनकी चलचित्र (वीडिओ) में संपादन कर आवाज किसी और की जोड़ दी जिसकी जांच तत्काल ही मुख्यमंत्री कार्यालय कराई जो कि उनकी छवि को धूमिल करने के लिए षडयंत्र पूर्वक बनाई गई थी। जिस पर मुख्यमंत्री कार्यालय ने अविलंब कार्यवाही की अनुशंसा स्थानीय प्रशासन से की । जब प्रशासन के लोग उक्त विषय लेकर चंपत जी के समक्ष आए तो उन्होंने स्पष्ट रूप से मना कर दिया कि अपरिपक्वता के ज्वर में उक्त पत्रकार से गलती हो गई होगी यदि आपने कार्यवाही कि तो उसकी नौकरी भी तो जाएगी । उक्त पत्रकार की पत्नी और बच्चों का क्या दोष इसलिए उसे क्षमा कर दिया जाए। शायद वर्तमान आरोप-प्रत्यारोप के दौर में भी उनकी व्यक्तिगत छवि को धूमिल करने पर भी वह इसी भाव को रखते हुए वह कथित लोकप्रियता लोभी पत्रकारों के प्रति कोई कार्यवाही नहीं कर रहें हैं। वहीं वह इतने अधिक अनुशासित भी है कि प्रभु राम के प्रति किए अपराध में जो भी दोषी होंगें उन्हें पूर्ण सजा दिलायेगें। पद दायित्व के प्रति सदैव उनके आकर्षण कम रहा हैं। उनके जीवन का ध्येय तो सिर्फ एक ही था प्रभु राम का मंदिर अयोध्या में । उनके जीवन की आवश्यकताएं सदैव इतनी न्यूनतम रहीं हैं कि सामान्य से सामान्य व्यक्ति को भी उसमें असहजता महसूस होगी। भोजन के विषय में एक आहारी रहे हैं जो मिल गया वहीं सेवन कर लिया नहीं तो सत्तू से ही उनकी आत्मा तृप्त हो गई। उक्त पंक्तियां उनके जीवन को समर्पित करते हुए में विश्वास के साथ कह सकता हूं कि उनकी पवित्रता निर्मलता मां गंगा की तरह पवित्र निकलेगी।



मैं माटी का वृक्ष नहीं जिसको नदियों ने सींचा हैं।

बंजर माटी में पलकर मैंने मृत्यु से जीवन खींचा हैं।

**मयंक गुप्ता**
**स्वतंत्र विचारक**

# उत्कर्ष तिवारी का कृषि प्राविधिक सहायक के पद पर हुआ चयन

( यंग भारत न्यूज )

**समथर।** निवासी उत्कर्ष तिवारी पुत्र शशिकांत तिवारी का उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (क्क्स्स्ष्ट) द्वारा आयोजित भर्ती परीक्षा के माध्यम से कृषि प्राविधिक सहायक पद पर चयन होने से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। उन्होंने चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर से कृषि विषय में शिक्षा पूर्ण की। कठिन परिश्रम, लगन एवं निरंतर तैयारी के बल पर उनका चयन उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा कृषि प्राविधिक सहायक के पद पर हुआ है।



मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718